चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 238, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 27 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पीएम ने 51 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

## नया भारत आज कमाल कर रहा है, देश की बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही: पीएम

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान उन्होंने कहा कि नया भारत कमाल कर रहा है। देश की बेटियां हर तरफ अपना परचम लहरा रही हैं।

'इस सफलता का आपके जीवन में बहुत बड़ा महत्व है': पीएम मोदी ने कहा कि आज के इस रोजगार मेले में जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं, उन सभी को बहुत बहुत बधाई। आप सभी ने कड़े परिश्रम से ये सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का आपके जीवन में बहुत बड़ा महत्व है।

'आप सभी के जीवन का श्रीगणेश हो रहा है'

प्रधानमंत्री ने युवाओं से कहा कि देश भर में आज गणेश उत्सव की धूम चल रही है। इस पावन काल में आप सभी के नए जीवन का श्रीगणेश हो रहा है। बता दें, रोजगार मेला देशभर के 46 स्थानों पर आयोजित किया गया था। आज हमारा देश ऐतिहासिक उपलब्धियों और फैसलों का साक्षी बन रहा है। कुछ दिन पहले ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में देश की आधी आबादी को बहुत बड़ी ताकत मिली है। 30 वर्षों से महिला आरक्षण का जो विषय लंबित था, वो अब रिकॉर्ड मतों के साथ दोनों सदनों से पास हुआ है। ये निर्णय देश की नई संसद के पहले सत्र में हुआ है। एक तरह से नई संसद में देश के नए भविष्य की शुरूआत हुई है।

आज के इस रोजगार मेले में भी हमारी बेटियों को बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र मिले हैं। आज भारत की बेटियां अनेक नए कीर्तिमान बना रही है। मुझे नारी शक्ति की इस सफलता पर बहुत गर्व होता है।

आप खुद देख रहे हैं कि नया भारत आज क्या कमाल कर रहा है। ये वो भारत है, जिसने कुछ दिन पहले चंद्रमा पर अपना तिरंगा लहराया है। इस नए भारत के सपने बहुत ऊंचे हैं। देश ने 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प लिया है। अगले कुछ वर्षों में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं। पिछले 9 वर्षों में हमारी योजनाओं ने बड़े से बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रास्ता तैयार किया है। पिछले नौ वर्षों में सरकार ने मिशन मोड़ पर नीतियों को लागू किया है। इन प्रयासों के बीच सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी आप सभी नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों पर है। जब आप जैसे लाखों युवा सरकारी सेवाओं से जुड़ते हैं, तो नीतियों को लागू करने की स्पीड और स्केल भी बढ़ जाता है।

टेक्नोलॉजी ने समस्या पर पाया काबू: प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले लोग रेलवे स्टेशनों के बुकिंग काउंटरों पर कतारों में खड़े रहते थे, लेकिन टेक्नोलॉजी ने इस समस्या पर काबू पा लिया है। आधार कार्ड, डिजिटल लॉकर और ईकेवाईसी ने दस्तावेजीकरण की जटिलता को समाप्त कर दिया है।






## मोदी सरकार में अब तक 9 लाख से अधिक दी गई नौकरियां: जितेंद्र सिंह

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने 26 सितंबर (मंगलवार) को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में नौ साल से ज्यादा के कार्यकाल में रोजगार बढ़ें हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से एनडीए सरकार द्वारा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नौ लाख से अधिक लोगों की भर्ती की गई है, जबकि यूपीए शासन के पहले नौ वर्षों के दौरान केवल छह लाख से अधिक लोगों की भर्ती की गई थी।



## पीएम मोदी ने युवाओं में जागरूकता पैदा की




**दिल्ली** के नेशनल मीडिया सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित 'रोजगार मेले' को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में न केवल नौकरियां पैदा हुई हैं, बल्कि पीएम ने युवाओं में जागरूकता भी पैदा की है। उन्होंने कहा कि रोजगार का मतलब केवल सरकारी नौकरी नहीं है। साथ ही उन्होंने बताया कि देश में स्टार्ट-अप की संख्या लगभग 350-400 से बढ़कर 1.25 लाख हो गई है।

'रोजगार मेले' के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा, "आपने (प्रधानमंत्री) अंतरिक्ष क्षेत्र को भी खोल दिया है और स्टार्ट अप की संख्या चार से बढ़कर 150 हो गई है। उन्होंने चंद्रयान -3 की सफलता का जिक्र करते हुए कहा कि यह अवसर इसके बाद ज्यादा बढ़ें हैं और अंतरिक्ष क्षेत्र में युवाओं के बीच जबरदस्त रुचि देखी गई है।

रोजगार और प्रमोशन में जबरदस्त बढ़ोतरी

जितेंद्र सिंह ने आगे कहा कि एनडीए के कार्यकाल में रोजगार और प्रमोशन में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, "यूपीए शासन (कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) के पहले नौ वर्षों के दौरान, मुश्किल से छह लाख सरकारी नौकरियां दी गईं थी। आपके (पीएम मोदी के) कार्यकाल में, नौ लाख से अधिक पदों पर भर्ती की गई है।" आगे उन्होंने कहा कि यूपीए शासन में कुछ लोग जिस पद पर भर्ती हुए थे, उसी पद से सेवानिवृत्त हो जाते थे, जिससे वे हतोत्साहित थे।

# 'तकनीकी संस्थान घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़ें'

## सीएम योगी ने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया

**गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तकनीकी संस्थानों को घिसे पिटे कार्यक्रमों को छोड़कर न्यू ऐज कोर्सेस को अपने यहां लागू करना होगा। आज का समय तकनीक का है, इसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और लोककल्याण में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश में केवल दो साइबर थाने थे। आज प्रदेश के हर जनपद में एक-एक साइबर थाना है और हर जिले में साइबर हेल्प डेस्क है। इनसे साइबर अपराधों पर लगाम लग रही है। सीएम योगी ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नए प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की यह जिम्मेदारी बनती है कि तकनीकी सहयोग के लिए साइबर थानों के साथ एमओयू करें। आज गोरखपुर जोन की पुलिस ने इस दिशा में अनुभव पहल करते हुए मदन मालयवीय विश्वविद्यालय के साथ एमओयू किया है। सीएम योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर उत्तर प्रदेश में है। प्रदेश के तकनीकी संस्थानों को खुद को उससे जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 14वें नंबर था। हमारी सरकार ने सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से इसमें सुधार किया। साथ ही प्रशासनिक तंत्र को भी बाध्य किया कि वह तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए किए गए रिफॉर्म को धरातल पर उतारे। इसी का परिणाम है कि आज यूपी देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरे स्थान पर है।

सीएम योगी ने कहा कि डिजिटल पेमेंट ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था लाकर प्रत्येक नागरिक के जीवन में एक नई क्रांति लाई है। देश में सबसे बड़ी युवा आबादी उत्तर प्रदेश के पास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन डिजिटल इंडिया का लाभ सबसे ज्यादा यहां के युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम स्टार्टअप, पीएम मुद्रा, एक जिला एक उत्पाद और मुख्यमंत्री स्वरोजगार जैसी योजनाओं ने प्रदेश के युवाओं में बड़ा परिवर्तन लाया है।



## 'भारत-कनाडा राजनयिक विवाद का सैन्य संबंधों पर नहीं पड़ेगा असर'

**नई दिल्ली**

**खालिस्तानी** आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा के भारत पर आरोप लगाए जाने के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई है। भारत और कनाडा के बीच तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हालांकि, इस बीच कनाडा के उप सेना प्रमुख मेजर जनरल पीटर स्कॉट ने मंगलवार को कहा कि भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद का मौजूदा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

# देश में प्रति मिनट बनाए गए 177 आयुष्मान

## कार्डअमीरों की तरह गरीबों का भी हुआ निशुल्क इलाज




**नई दिल्ली**

**लोगों को** स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराने की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रति मिनट 177 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और हर मिनट 30 लाभार्थी अस्पताल में भर्ती हुए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। देश के सबसे वंचित और गरीब समुदायों को मिल रहे लाभ को रेखांकित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने दिल्ली, ओडिशा और बंगाल से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में शामिल होने का आग्रह किया। स्वास्थ्य राज्यमंत्री बघेल एबी-पीएमजेएवाई के पांच साल और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के दो साल पूरे होने के मौके पर आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बघेल ने कहा कि आयुष्मान भारत देश में चल रही सबसे महत्वपूर्ण सरकारी कल्याणकारी योजना है। इस योजना की वजह से अमीरों की तरह गरीबों का भी निशुल्क इलाज सुनिश्चित हो पा रहा है, जो पहले संभव नहीं हुआ करता था। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों में 44 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं। उन्होंने बताया कि प्रति दिन औसतन आठ अस्पतालों को योजना के दायरे में लाया जा रहा है। पंत ने कहा कि देश में प्रति मिनट 177 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और हर मिनट 30 लाभार्थी अस्पताल में भर्ती हुए। राष्ट्रीय राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित ।

## हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की देरी पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने मंगलवार को देश के सभी हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति की देरी पर चिंता जताई। दरअसल, केंद्र सरकार द्वारा देश के विभिन्न हाई कोर्ट में नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा नियुक्त जजों के नामों को लंबित रखने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही थी।

सात महीनों से इस मामले में कुछ नहीं हुआ- सुप्रीम कोर्ट

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछली बार याचिका पर हुई सुनवाई के बाद से करीब सात महीनों के बाद भी इस मामले में क्यों कुछ नहीं हुआ है। न्यायमूर्ति ने इस मामले में केंद्र सरकार से कॉलेजियम द्वारा नियुक्ति के बावजूद हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के नामों को मंजूरी नहीं मिलने के बारे में पूछा।

पहले भी चिंता जता चुका है सुप्रीम कोर्ट: कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट के लिए नियुक्त नाम पिछले दस महीनों से लंबित है। अदालत ने अटार्नी जनरल से इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से निर्देश लेने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले केंद्र के पास लंबित हाई कोर्टों के जजों के स्थानांतरण की सूची रखने के मुद्दे पर चिंता व्यक्त की थी।

## मां-बेटी की देखभाल के लिए शर्त के साथ मिली जमानत

# आशीष मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली**

**उत्तर प्रदेश** के लखीमपुर खीरी में आठ किसानों की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को सर्वोच्च न्यायालय से थोड़ी राहत मिली है। केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे को दिल्ली में रहने की इजाजत दी गई है। उन्हें बीमार मां और बेटी की देखभाल के लिए ये राहत दी गई है। इससे पहले जनवरी महीने में आशीष मिश्रा को आठ हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत मिली थी। हालांकि, उन्हें यूपी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिली थी। अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने उन्हें मामले के संबंध में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेने या मीडिया को संबोधित नहीं करने का निर्देश दिया है। बता दें कि उनकी मां नई दिल्ली के डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती हैं। वहीं, उनकी बेटी के पैर की इलाज चल रही है।



किसानों की हत्या के मामले में जेल में बंद हैं आशीष मिश्रा

बताते चलें कि 3 अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी जिल के तिकुनिया में आठ लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार और राज्य में योगी सरकार पर निशाना साधा था। यूपी पुलिस की एफआईआर के मुताबिक, चार किसानों को जिस एसयूवी से कुचला गया था, उसमें आशीष मिश्रा बैठे थे।

## सेना के तीनों अंगों ने विभिन्न पहलुओं पर किया विचार-विमर्श

# संयुक्त सैन्य सिद्धांत पर काम कर रहा भारत

**नई दिल्ली**

**भारत** भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सेना के तीनों अंगों और रक्षा प्रतिष्ठान की अन्य प्रमुख शाखाओं के बीच तालमेल बढ़ाने के अपने प्रयासों के साथ संयुक्त सैन्य सिद्धांत तैयार करने की प्रक्रिया में है। रक्षा मंत्रालय सेना के तीनों अंगों (थलसेना, नौसेना, वायुसेना) की एकजुटता के लिए पहले से 'थिएटराइजेशन' प्रक्रिया के संबंध में एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है।

विभिन्न पहलुओं पर किया गया विचार-विमर्श सम्मेलन में संयुक्त सिद्धांत से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'इस तरह के पहले ऐतिहासिक सम्मेलन का उद्देश्य सिद्धांत के निर्माण में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ (एचक्यू आइडीएस) और सेना के तीनों अंगों के बीच आपसी समझ में तालमेल बिठाना और कमियों को दूर करने के साथ संयुक्त सिद्धांतों की प्रगति की समीक्षा करना था।'




क्या कहा मंत्रालय ने ?

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इससे सैद्धांतिक मुद्दों पर सर्वोत्तम प्रथाओं और जारी पहल को साझा करने में भी मदद मिली। "संयुक्त सिद्धांत समीक्षा सम्मेलन' की अध्यक्षता एकीकृत रक्षा स्टाफ (सिद्धांत संगठन और प्रशिक्षण) के उप-प्रमुख एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा ने की।

दो सत्र में आयोजित सम्मेलन में संयुक्त सिद्धांत निर्माण प्रक्रिया पर विचार-मंथन किया गया।

# अमेरिकी सेना प्रमुख ने भारतीय सेनाओं के साथ साझेदारी को बताया अहम

**नई दिल्ली**

**अमेरिकी** सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज ने इंडो-पैसिफिक में स्थिरता के लिए अमेरिका और भारतीय सेना के बीच साझेदारी को महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि दोनों सेनाओं के बीच संबंध और मजबूत हो रहे हैं और हमारे सैनिक अपने कौशल को निखार कर सैन्य कला में महारत हासिल कर रहे हैं। यूएस सेना प्रमुख ने कहा कि दोनों सेनाएं एक-दूसरे से सीखने के साथ ही आपसी विश्वास पैदा करके दोस्ती को और मजबूत कर रही हैं। जनरल जॉर्ज भारत के साथ मेजबानी में मंगलवार से राजधानी के मानेकशा सेंटर में शुरू हुई दो दिवसीय 13वीं इंडो-पैसिफिक आर्मीज चीफ्स कॉन्फ्रेंस (आईपीएसीसी) को पहले दिन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 25-27 सितंबर के बीच भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की सेनाएं 13वें द्विवार्षिक आईपीएसीसी, 47वें वार्षिक इंडो-पैसिफिक आर्मी मैनेजमेंट सेमिनार (आईपीएएमएस) और 9वें सीनियर एनलिस्टेड फोरम की मेजबानी राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में कर रही हैं। अमेरिकी चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि यह विशेष रूप से दोनों देशों की सेनाओं के लिए सबसे बड़ा सम्मेलन है। इसका उद्देश्य आपसी समझ, बातचीत और दोस्ती के माध्यम से भारत-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना है।

# जंघई चौकी इंचार्ज पर दुष्कर्म का आरोप सीओ हंडिया ने आरोप का किया खंडन

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत पुलिस चौकी इंचार्ज पर महिला ने नशे की हालत में सामूहिक रूप से दुष्कर्म का आरोप लगाकर क्षेत्र में सनसनी फैला दिया है।जंघई चौकी क्षेत्र की अनुसूचित जाति की महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसे कई दिनों से कोई फोन कर अश्लील बातें करता था विरोध पर जान से मारने की धमकी भी देता था जिसकी शिकायत लेकर वह जंघई चौकी इंचार्ज के पास गई। दरोगा ने उससे प्रार्थना पत्र लेकर पता लगाने की बात कर उसे वापस घर भेज दिया। 21 सितंबर की शाम 6 बजे दरोगा ने उसे फोन कर कहा कि जो तुम्हे फोन करता है उसे पकड़ने चलना है अभी पुलिस चौकी पर आ जाओ। आरोप है कि वह जैसे ही पुलिस चौकी पहुंची उसे लेकर दरोगा व 3 तीन अन्य लोग निजी कार से भदोही की ओर लेकर चल दिए रास्ते में दुगार्गंज बाजार में उससे कोल्डड्रिंक में नशीली शराब पिलाकर घंटो सामूहिक बलात्कार किया गया। उसने बताया कि लौटते समय भदोही जिले के दुगार्गंज थाना के गौरा गांव के पास नशे में धुत दरोगा सुधीर कुमार पांडेय जो गाड़ी चला रहे थे वाहन को एक आम के पेड़ से टकरा दिए। जिससे गाड़ी खराब हो गई। महिला का आरोप है कि उसे तुरंत दूसरी सरकारी गाड़ी से जंघई चौकी के एक दरोगा और सिपाही लाकर जंघई पुलिस चौकी पर उतार दिए।जहां उससे मारपीट कर घटना की चर्चा किसी से न करने की धमकी दी गई और उसे भोर में गांव के बाहर छोड़ दिया गया।उसने बताया कि वह धमकी व हुई घटना से सहम गई थी।महिला ने सोमवार को घटना की जानकारी उच्चाधिकारियों को देकर क्षेत्र व पुलिस महकमें में हड़कंप मचा दिया हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष सरायममरेज योगेश सिंह से संपर्क करने के लिए कई बार फोन किया गया किन्तु उनका सीयूजी नंबर बंद रहा। इस संबंध में सीओ हंडिया ने रेप की घटना से इंकार करते हुए कहा कि जांच का विषय है। वहीं क्षेत्राधिकारी भदोही ने कहा कि यदि मेरे क्षेत्र में रेप की घटना हुई है तो मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## चौकी इंचार्ज जंघई सहित तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत पुलिस चौकी जंघई इंचार्ज एवं तीन अन्य के खिलाफ महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।मधईपुरा जंघई गाँव की एक महिला ने चौकी इंचार्ज जंघई सुधीर कुमार पांडेय सहित तीन अन्य पर कार में कोल्डड्रिंक मे नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप सोमवार को लगाया था एवं सरायममरेज एसएचओ एवं जनपद के उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया था। लोगों ने उच्चाधिकारियों को ट्वीट किया था तथा मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था जिसको संज्ञान मे लेते हुए एवं महिला के प्रार्थना पत्र पर सरायममरेज एसएचओ योगेश सिंह ने जंघई चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार पांडेय, अर्जुन पुत्र राजपति, सभाजीत पुत्र राजपति मधई का पूरा जंघई एवं संतोष पांडेय पुत्र शंभुनाथ पांडेय निवासी चनेथू, जंघई थाना सरायममरेज के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत किया है।मुकदमा पंजीकृत होते ही पुलिस महकमे मे हड़कंप मच गया है एसएचओ सरायममरेज योगेश सिंह ने बताया है कि चौकी इंचार्ज जंघई सहित तीन अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके विधिक कार्रवाई एवं जांच प्रारंभ कर दिया गया है।

# यूपी एमपी बॉर्डर के गांवों में मादक पदार्थों की तस्करी बिक्री जोरों पर

**बड़ोखर चौकी क्षेत्र को लेकर सोशल मीडिया में खूब चली बहस**

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** थाना क्षेत्र के बड़ोखर चौकी अंतर्गत उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश सीमा क्षेत्र के गांवो में मौजूदा समय में मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री का कारोबार जोरों पर चल रहा है। जिसको लेकर रविवार को सोशल मीडिया में लोग काफी बहस बयानी भी करते देखे गए। बड़ोखर चौकी की पुलिस पर सोशल मीडिया में गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया में चल रही बहस के मुताबिक बड़ोखर चौकी क्षेत्र में इस समय सिर्फ फरियादियों से अवैध वसूली मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री करने वाले लोगों से धन उगाही का कार्य चल रहा है। पीड़ित फरियादियों को न्याय मिलेगा या नहीं इससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। सोशल मीडिया में बहस के दौरान कुछ गांवो का भी जिक्र किया जा रहा है। जिन गांवों में इस समय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री चरम पर चल रही है। इन गांवो में चिरांव, बड़ोखर समेत मानपुर, छापर हरदौन इत्यादि गांव शामिल हैं। सोशल मीडिया में बहस कर रहे लोगों ने योगी सरकार पर भी बड़ोखर चौकी पुलिस के कारनामों को लेकर सवाल खड़ा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोगों ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाए जाने की भी मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष कोरांव विनोद कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगाने का काम किया जा रहा है। अगर ऐसा कहीं हो रहा है तो निश्चित तौर पर ऐसे लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# बेलन नहर प्रखंड के उपखंड एसडीओ कार्यालय में लटकता रहता है ताला

**कोरांव : तीन वरिष्ठ व कनिष्ठ सहायकों में एक रहता है नदारद, स्टाफ की कमी का दंश झेल रहा है ऑफिस**
**उपखंड कार्यालय के मरम्मतीकरण में घोटाला, प्लास्टर व पुताई कर पैसा गबन करने का आरोप**





**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** बेलन नहर प्रखंड के उपखंड कार्यालय कोरांव के एसडीओ ऑफिस में कई महीने से लगातार ताला लटक रहा है। इतना ही नहीं यहां पर तैनात तीन वरिष्ठ व कनिष्ठ सहायकों में दो तो उपस्थित रहते हैं। एक वरिष्ठ सहायक सिर्फ गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर झंडा फहराने पहुंचता है और घर बैठे पूरे महीने व वर्ष भर की तनख्वाह लेने का काम कर रहा है। उपखंड कार्यालय कोराव पर तैनात सहायक अभियंता सुरेश चंद्र मौर्य कई महीने से उपखंड कार्यालय पर नहीं आ रहे हैं जो क्षेत्र व नहर कॉलोनी में चर्चा का विषय बना हुआ है इसी तरह तीन कनिष्ठ व वरिष्ठ सहायकों में वरिष्ठ सहायक रेखा सिंह कनिष्ठ सहायक रामेश्वर प्रसाद मिश्र तो ऑफिस उपस्थित होते हैं लेकिन वरिष्ठ सहायक पयामुल हक कभी भी ऑफिस नहीं आते हैं। उपखंड कार्यालय कोरांव पर तैनात चतुर्थ श्रेणी अन्य कर्मचारी भी आपस में नाम न छापने की चर्चा कर बताते हैं कि ऐसे ऐसे



अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है जो कभी ऑफिस आते ही नहीं हैं। जिले के ही ऑफिस से सारा कारोबार चल रहा है। जिससे स्थानीय स्तर पर लोगों को समस्याओं का समाधान नहीं मिल पा रहा है। उपखंड कार्यालय पर रहने के लिए आवास की व्यवस्था डाक बंगला आदि स्थित है। लेकिन कोई भी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय पर रुकते नहीं दिखाई देते हैं। रुकना तो दूर की बात ड्यूटी भी नहीं आते हैं।

## कार्यालय भवन मरम्मतीकरण के नाम पर लाखों का खेल

बेलन नहर प्रखंड के उपखंड कार्यालय कोरांव के कार्यालयों एवं भवनों के मरम्मतीकरण के लिए सरकार की ओर से लाखों रुपए का बजट दिया गया था। चर्चा रही की 80 लख रुपए के बजट से मरम्मती कारण कार्य किया जाना था। लेकिन अधिकारियों व ठेकेदारों की मिली भगत से रंगाई पुताई छतों की प्लास्टर कर सरकारी धन की बंदर बांट कर ली गई है। जिसके जांच करवाई की दरकार है। मरम्मतीकरण कराए गए भवनों व कार्यालयों के इर्द-गिर्द व्यापक पैमाने पर गंदगी का अंबार भी लगा हुआ है। बाउंड्री में गेट व दरवाजा न होने से भवनों के गेट तक बेसहारा मवेशी भी रात भर डेरा जमाए रहते हैं। जिससे भवनों के दरवाजे पर व्यापक पैमाने पर गंदगी फैली हुई है। उपखंड कार्यालय कोरांव को चारों तरफ से बाउंड्री से घेरा भी गया है। लेकिन देखभाल व सुरक्षा के अभाव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस संदर्भ में अधिशासी अभियंता बेलन नहर प्रखंड प्रयागराज सुरेश चंद्र यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एसडीओ कार्यालय पर नहीं रहते हैं यह जांच कर कार्रवाई की जाएगी। रही बात सहायकों की तो दो उपलब्ध रहते हैं। एक जिले कार्यालय व खीरी क्षेत्र से संबद्ध हैं। जब उनसे भवनों व कार्यालयों के मरम्मतीकरण को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं भी जांच किया था मरम्मतीकरण में गड़बड़ी व कमियां की गई हैं।अभी भुगतान नहीं किया गया है। ठेकेदारों को चिट्ठी लिख दी गई है जब तक काम पूरा नहीं होगा तब तक उनका भुगतान नहीं दिया जाएगा।

# सामाजिक सामंजस्य में योग की भूमिका महत्वपूर्ण : योगाचार्य धर्मचंद्र

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** शिवाजी इंटर कॉलेज सहसों में सोमवार को प्रज्ञा योग साधना शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कॉलेज के बच्चों को योगाभ्यास कराते हुए योगाचार्य धर्मचंद ने कहा कि सामाजिक सामंजस्य बनाने में योग की भूमिका महत्वपूर्ण है । यह विभिन्न प्रकार की बीमारियों को दूर भगाने में भी लाभकारी है। उन्होंने बताया कि योग विद्या ऐसा गुण है। जिसके लगातार करते रहने से गंभीर से गंभीर रोगों का बिना दवा के इलाज संभव है। छोटे बच्चे नियमित रूप से यदि योगासन करें तो खुजली, फोड़े-फुंसी, चिड़चिड़ापन , मौसमी बुखार, खांसी, सर्दी - जुखाम खत्म हो जाता है। उन्होंने बच्चों को बताया कि चेचक कोई दैवीय प्रकोप नहीं बल्कि गर्मी का रोग है। यह अपच के कारण होता है। यही कारण है कि बच्चे इसकी चपेट में ज्यादा आते हैं। दिन भर जो जानवरों की तरह मुंह चलाते रहते हैं। जिनके खाने-पीने का कोई नियम नहीं है। ऐसे बच्चे ज्यादा चेचक से पीड़ित होते हैं। उन्होंने कहा कि चेचक होने पर घर में तेल - मसाला और मिर्च खाना बंद कर देना चाहिए। बाहर की बनी हुई खाद्य सामग्री नहीं खाना चाहिए। घर में बना हुआ सादा भोजन करना चाहिए। चेचक डायरिया आदि होने पर सर्वप्रथम घर में सफाई रखनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को पद्मासन, सिद्धासन, स्वास्तिक आसन, सुखासन, वज्रासन आदि ध्यानात्मक आसान सिखाएं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक तीरथ सिंह व प्रधानाचार्य राम आशीष ने कहा कि बच्चों को चाहिए कि योगाचार्य द्वारा सिखाए गए योग को करते हुए पढ़ाई में होने वाले मानसिक दबाव से बच सकेंगे तथा उनका शरीर स्वस्थ होगा। इस मौके पर विद्यालय के रामेंद्र कुमार, गुलाब चंद्र पटेल, अजीत सिंह आदि अध्यापक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## व्यापारी के बेटे की हत्या से व्यापार मंडल नाराज

**मेजा।** शंकरगढ़ में व्यापारी के बेटे शुभ केशरवानी( 13 ) की हत्या से मेजा में भी व्यापार मंडल में आक्रोश है।व्यापार मंडल अध्यक्ष मेजारोड पप्पू उपाध्याय ने पुलिसिया कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त है जिससे क्षेत्र में हत्या, चोरी व छिनैती की घटनाएं आम हो गई हैं। उन्होंने शंकरगढ़ में व्यापारी के बेटे की बेरहमी से से हत्या नाराजगी जताई है और कहा कि आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। पप्पू उपाध्याय ने बताया कि जब से प्रयागराज में पुलिस व्यवस्था बदली है तभी से यहां की कानून व्यवस्था पटरी से उतर गई है। इसके पीछे पुलिस के जिम्मेदार अधिकारियों पर सिथिलता के आरोप लगते रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की गश्त में कमी आई है। जिस वजह से क्षेत्र में हत्या, लूट, चोरी, छिनैती जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। अध्यक्ष ने मांग की है कि पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए जिससे कि अपराधों पर रोक लग सके।




# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा हमारी पहली प्राथमिकता : डॉ पांडेय

**अखंड भारत संदेश**

**धनूपुर।** धनूपुर के प्राथमिक विद्यालय माधोपुर में आयोजित शिक्षा चौपाल परिषदीय विद्यालयों में संचालित हो रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं से जन समुदाय को जोड़ने हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉक्टर प्रभा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई । कार्यक्रम में शैक्षिक गुणवत्ता बढाने पर डॉक्टर पांडे ने विस्तार पूर्वक चर्चा एवं जनमानस से संवाद के रूप में परिचर्चा किया। साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों से अपील किया की वे अधिक से अधिक संख्या में प्रचार -प्रसार करते हुए विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति सत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें । अंत मे विद्यालय में निपुण बच्चों को पुरस्कृत करके उन्हें सम्मानित भी किया।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कोमल यादव, महेश प्रजापति, शिक्षक नेता अफरोज अहमद, अनंत लाल, हसीब अहमद राजेश यादव,आनंद कुमार , शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक संकुल सैकड़ो की संख्या में ग्राम सभा के महिला व पुरुष अभिभावक, तथा माधोपुर विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## प्रदेश महामंत्री के निधन पर शोक

**फूलपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री ऋषि देव त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर महासंघ से जुड़े शिक्षकों में शोक की लहर व्याप्त है। मंगलवार को महासंघ फूलपुर इकाई के सदस्यों द्वारा फूलपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मृतक की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। सभा को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र प्रसाद मिश्रा ने कहा कि प्रयागराज में महासंघ की जड़ जमाने में त्रिपाठी जी का अनथक प्रयास रहा। वे आदर्श शिक्षक,कुशल व मृदुभाषी शिक्षक नेता थे। ब्लॉक अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने कहा कि उनके निधन से महासंघ व शिक्षक समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। कार्यकारी अध्यक्ष मो.शहजाद ने कहा कि उनकी कमी सदैव खलती रहेगी। संचालन महामंत्री राधेश्याम मिश्रा ने किया।उपस्थित सदस्यों ने मृतक की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रख भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर राकेश मौर्य, राजेश शुक्ल, मो.इमरान, रेनू, विनोद कुमार, अनिल यादव, आशुतोष सिंह, शालिनी, मधुरिमा गुप्ता, दामोदर दिनकर आदि मौजूद रहे।

# खुद की सरकार चला रहे बिजली अधिकारी...

**अखंड भारत संदेश**

**प्रदेश सरकार का आदेश बेअसर**

**हादसा होने पर भी फोन नहीं उठाते हैं जेई, वसूली के चक्कर में कहीं का ट्रांसफार्मर लगा दिया जा रहा है कहीं**



**कोरांव।** कोरांव तहसील क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था काफी दिनों से बेपटरी चल रही है। किसी गांव में 24 घंटे से अंधेरा छाया है तो कई कई गांव महीने भर से अंधेरे में हैं। कई गांवो में ट्रांसफार्मर फुंके व खराब पड़े हुए हैं तो किसी गांव के ट्रांसफार्मर की खूंटियां खराब हैं। कंपलेन व शिकायत के बाद भी बिजली अधिकारी अपने कार्यों में दिलचस्पी व रुचि नहीं ले रहे हैं। जिससे बिजली संकट से क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। बिजली अधिकारियों को प्रदेश की योगी सरकार के आदेश व फरमान से कोई लेना-देना नहीं है। वे खुद की सरकार चला रहे हैं। जब जी चाहता है ऑफिस आते हैं और चले जाते हैं। क्षेत्र में क्या समस्याएं हैं इससे उनका कोई वास्ता सरोकार नहीं है। पसना फीडर में 24 घंटे के अधिक समय से अंधेरा छाया हुआ है। इसी तरह गुरुवार को कोरांव व तरांव क्षेत्र में सुबह से लेकर दोपहर बाद 3 बजे तक एक बार भी बिजली की आपूर्ति नहीं की जा सकी। पथरताल फीडर के बरनपुर गांव में 63 केवीए के ट्रांसफार्मर की चारों खूंटियां महीने भर से खराब हैं लोग मोबाइल चार्ज करने व उजाले के लिए भी तरस जा रहे हैं। लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी निद्रा में मस्त हैं। उनसे आम जनमानस से जुड़ी परेशानियों व दिक्कतों से कोई लेना-देना नहीं है। ईतना ही नहीं निरंकुश हो चुके व खुद की सरकार चला रहे बिजली अधिकारी किसी भी बिजली उपभोक्ता का फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझते हैं। ऐसा लगता है कि उन्हें उपभोक्ता फांसी के फंदे पर चढ़ाने के लिए फोन कर हो। गुरुवार को पथरताल फीडर के जेई राजेश यादव का 10 बार से अधिक फोन लगाया गया लेकिन पूरी रिंग बजाने के बाद एक बार भी उन्होंने जवाब नहीं दिया। कोरांव तहसील क्षेत्र के प्रत्येक फीडरों व सब स्टेशनों पर कार्यरत जेई व अधिकारियों के यही हालात हैं। क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं का आक्रोश दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है बिजली अधिकारियों की मनमानी को लेकर कभी भी लोग उग्र हो सकते हैं।

## जमसोत में नहीं बदला गया पखवाड़े भर से जला ट्रांसफार्मर

**कोरांव।** तहसील क्षेत्र के जमसोत गांव में पखवाड़े भर से 10 केवीए का ट्रांसफार्मर जला पड़ा हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा ट्रांसफार्मर की कंपलेन कर शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दो बार ट्रांसफार्मर मेरे गांव के लिए रिलीज हुआ लेकिन बिजली अधिकारियों की मनमानी व लाइनमैनो की खाऊ कमाई नीति के चलते पैसा न मिल पाने के कारण मेरे गांव के स्वीकृत ट्रांसफार्मर को किसी अन्यत्र गांव में लगा दिया गया। जिस गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। जमसोत गांव में पखवाड़े भर से अंधेरा छाया हुआ है। इस संदर्भ में विद्युत उपकेंद्र कोरांव के एसडीओ अमित सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि फोन ना उठाना गलत बात है सभी के को फोन उठाकर समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इसी तरह एक्सियन विद्युत प्रदीप सोनकर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर ट्रांसफार्मर की समस्याएं हैं उनका सर्वे कराते हुए कपलेन के आधार पर शीघ्र बिजली व्यवस्था को बहाल करने का काम किया जाएगा।

# न्यूज झरोखा

## खो खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन विजयी टीमें पुरस्कृत



**सहसों।** जनता इंटर कॉलेज रुदापुर देवनहरी में सोमवार को एक दिवसीय तहसील स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 11 विद्यालयों के टीम ने खेल में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि देवनहरी गुलाब प्रसाद त्रिपाठी एवं ग्राम प्रधान रुदापुर अखिलेश कुमार यादव ने विद्यालय के सभी क्रीड़ा अध्यापकों के साथ फीता काटकर किया। खो खो प्रतियोगिता में प्रतिभागी टीमों ने कड़ी मेहनत एवं एक दूसरे को चुनौती देते हुए खेल का अच्छा प्रदर्शन किया। विजयी टीमों में सीनियर बालक वर्ग में जनता इंटर कॉलेज रुदापुर प्रथम एवं श्री कृष्ण इंटर कॉलेज देवनहरी द्वितीय तथा सीनियर बालिका वर्ग में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहरिया प्रथम एवं श्री कृष्ण इंटर कॉलेज देवनहरी द्वितीय रहे। इसी प्रकार जूनियर बालक वर्ग में श्री कृष्ण इंटर कॉलेज देवनहरी प्रथम एवं जनता इंटर कॉलेज रुदापुर द्वितीय तथा जूनियर बालिका वर्ग में जनता इंटर कॉलेज रुदापुर प्रथम एवं श्री कृष्ण इंटर कॉलेज देवनहरी द्वितीय स्थान प्राप्त करते टीमें विजेता रहीं। विजय टीमों को प्रधानाचार्य गोमती इंटर कॉलेज जितेन्द्र बहादुर सिंह पटेल व प्रधानाचार्य चंद्रशेखर इंटर कॉलेज बगई राजकुमार पटेल तथा प्रबंधक केवल प्रसाद शुक्ला महाविद्यालय देवनहरी सचिन शुक्ला एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार चौधरी व क्रीडा अध्यक्ष दयाशंकर शर्मा के हाथों खो खो प्रतियोगिता में विजयी टीमों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश कुमार पटेल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विमलेश पाल, सोनू सिंह, रामसागर, लक्ष्मीकांत मिश्रा, संजय, अजय गौड़, बृजेश त्रिपाठी, राजेश सिंह, राम आधार मौर्य, संजय तिवारी एवं मनीष सिंह सहित आदि गणमान्य तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अधिकार बचाओ रैली को लेकर शिक्षा मित्रों ने बनाई रणनीति



**करछना।** बीआरसी कार्यालय करछना में शिक्षा मित्र अधिकार बचाओ रैली को लेकर बैठक कर बनाई रणनीति समायोजन निरस्त होने के बाद से कई बार सरकार के साथ बैठक कर रास्ता निकालने का वादा करने के बाद भी सरकार द्वारा शिक्षा मित्रों के लिए कोई हल नही निकाला जा रहा है ।जिससे शिक्षा मित्रों में हताशा और निराशा से असामयिक मौत हो रही है और परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो रहा है ।सरकार से अपनी मांगों को लेकर आगामी 18 अक्टूबर को शिक्षा मित्रों का विशाल प्रदर्शन लखनऊ में होगा जिसको लेकर एक बैठक बीआरसी करछना में की गई जिसमें ब्लाक अध्यक्ष करछना सिद्द राज सिंह के साथ भारी संख्या में महिला और पुरूष शिक्षा मित्र उपस्थिति रहे। बैठक में शिक्षा मित्र संघ के जिला मंत्री जनार्दन पांडेय व कौंधियारा के ब्लाक अध्यक्ष अब्दुल मुकित उपस्थित होने के साथ अनंत लाल पंकज राव राजकरन यादव रजनीकांत रमेश ज्ञानेंद्र नागेंद्र सिंह माधुरी देवी राममनी जय शीला सिंह प्रीति सिंह अभिलाषा संगीता आदि शिक्षा भारी संख्या में महिला पुरुष शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

## कैम्प लगाकर निःशुल्क परिक्षण एवं दी उचित परामर्श




**सहसों।** विकासखंड बहादुरपुर के ग्राम चकिया घरहरा में मंगलवार को द हंस फाउंडेशन की ओर से स्पेशल स्वास्थ्य कैंप का अयोजन किया गया। जिसमें गांव के लोगों को निःशुल्क परामर्श , खून की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच आदि रूटीन परीक्षण किया गया। जिसमें करीब 200 लोगों का इलाज निःशुल्क किया गया। इस अवसर कैंप में आए हुए जरूरतमंद लोगों को एवं विभिन्न प्रकार के मरीजों को स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, दंत रोग विशेषज्ञ एवं आंख के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम एवं पैथोलॉजी की टीम द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण तथा उचित परामर्श दिया गया। इस मौके पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किशोरी, गर्भवती ,धात्री महिलाओं को दवा के साथ स्वस्थ्य और साफ सफाई के बारे मे जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। कैंप में प्रमुख रूप से द हंस फाउंडेशन के प्रॉजेक्ट मैनेजर प्रत्यक्ष पांडेय, सीनियर प्रॉजेक्ट कोर्डिनेटर अभय सिंह, प्रोजैक्ट कोर्डिनेटर अजय कुमार, डॉक्टर अमन कुमार , फार्मासिस्ट विपेन्द्र, लैब टेक्नीशियन नवीन कुमार, स्टाफ नर्स बबिता कुशवाहा , स्वास्थ्य सखी सीमा कुशवाह, विद्या देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## खुराना मार्केट में विशाल भंडारे का किया गया आयोजन



**नैनी।** नैनी शंकरढाल खुराना मार्केट में गणपति महोत्सव में सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके पर पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता पहुंचकर पूजा आरती कि और लोगों को संबोधित करते हुए बोली की बेटियों को पढ़ाना बहुत जरुरी है समाजसेवी राजेश साहू ने गणेश भगवान को भंडारे का प्रसाद भोग लगाकर भंडारे का आयोजन को आगे बढ़ाएं इस दौरान भरी संख्या में भक्तजनों ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया एवं गणपति बप्पा मोरया का जयकारा लगाए इस अवसर पर समाजसेवी राजेश साहू , पप्पू कालिया सब्जी मंडी, अशोक केसरवानी पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल धर्मराज पटेल सनी गुप्ता, विजय केसरवानी, आकाश गुप्ता विकास गुप्ता, शेखर गुप्ता, महावीर विनोद केसरवानी, छोटू केसरवानी, रितेश गुप्ता , डॉ संदीप पाल , अतुल केसरवानी लकी कुलदीप शर्मा दीपेंद्र प्रताप सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

## धूम धाम से किया गया भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन



**हंडिया।** प्रयागराज जिले के हंडिया नगर पंचायत के गल्ला मंडी श्री गणपति बप्पा मौर्या पुजनोत्सव वार्ड न 12 के श्रद्धालुओ द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन बहुत ही धूम धाम से किया। नगर मे चारो तरफ गणपति की प्रतिमा को लेकर जुलुस निकाला गया। वार्ड न 12 से होते हुए हंडिया के बस स्टैंड चौराहे से गुजर कर नगर के हर तरफ होते हुए ढोल नगाढ़ो के बिच लोग मस्ती मे नाच रहे थे। एक दूसरे पर रंग व गुलाल फेका जा रहा था। गणपति बप्पा के नारे लग रहे थे। भीड़ को देखते हुए हंडिया पुलिस चारो तरफ मुस्तैद रही। फिर हंडिया के लाक्षागृह पर जाकर भगवान गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जित कर दिया। इसी बिच शाम के समय मे गल्ला मंडी मे प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर सभासद विजय सेठ, अभय, अंकित, डॉ आकाश, चंचल, राहुल, अश्वनी, नीलेश, शुभम, दिनेश सेठ, दिनेश केशरवानी, डॉ रत्नेश, शिव मोहन, अंशु,चन्दन आदि लोग मौजूद रहे है।

## असवां जंघई के लाल हेरंब त्रिपाठी अभिनेता बने ग्रामीणों में खुशी




**जंघई।** असवां गांव निवासी पंडित हेरंब त्रिपाठी इस समय बॉलीवुड फिल्मों में अपनी कलाकारी के बदौलत धूम मचा रहे हैं।रुद्राक्ष टेलीफिल्म रिलायंस इंटरटेनमेंट हपुरे के बैनर तले 21 सितंबर को रिलीज हुई फिल्म द पूर्वांचल फाइल्स को दर्शकों द्वारा खूब प्यार आशीर्वाद मिल रहा है।असवां गांव में जन्म लेने वाले अभिनेता हेरंब त्रिपाठी इस फिल्म में अपने बाहुबली दमदार अभिनय के दम पर फिल्म में चार चांद लगा दिया है। हेरंब त्रिपाठी की उपलब्धि पर जंघई क्षेत्र के लोगों को गर्व महसूस हो रहा है सभी ने हेरंब त्रिपाठी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं एवं निरंतर प्रगति करने हेतु आशीर्वाद दिया है।जंघई क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि हमारे आपके बीच के लोग बॉलीवुड में भी अपनी कलाकारी का जलवा बिखेर रहे हैं।

# मंडल आयुक्त ने धूमनगंज में स्थापित एवं संचालित मैटेरियल टेस्टिंग लैब का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान अपने सामने दो प्रकार के टेस्ट कराए तथा दोनों ही टेस्ट के परिणाम संतोषजनक पाए गए**

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 हेतु कराए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी द्वारा धूमनगंज में 2 करोड़ की लागत से स्थापित एवं संचालित मैटेरियल टेस्टिंग लैब का निरीक्षण आज मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने सामने दो प्रकार के टेस्ट, प्लास्टिसिटी इंडेक्स टेस्ट (जो की मिट्टी की गुणवत्ता जांचने का टेस्ट है) तथा एग्रीगेट इंपैक्ट टेस्ट (जिससे गिट्टी की गुणवत्ता को जांचा जाता है) कराए तथा दोनों ही टेस्ट के परिणाम संतोषजनक पाए गए। मंडल आयुक्त ने लैब में उपलब्ध सभी मशीनों का कैलिब्रेशन, जिससे कि किसी भी तरह की तकनीकी एरर की गुंजाइश इन मशीनों में ना रह जाए, एक मान्यता पूर्ण संस्थान से करने के निर्देश भी दिए हैं। इस लैब में लगभग 148 मशीने/ ऐपरेटस उपलब्ध हैं, जिनसे कई प्रकार के परीक्षण जो कि अभी तक यहां करना संभव नहीं था, वह भी कराए जा रहे हैं। इनमें कंक्रीट परीक्षण मशीन, जिसके माध्यम से कंक्रीट की मजबूती का परीक्षण किया जाता है, बिटुमिन डक्टिलिटी परीक्षण मशीन, जिसके माध्यम से रोड बनाने में इस्तेमाल किए जा रहे बिटुमिन की क्वालिटी का परीक्षण किया जाता है, मार्शल स्टेबिलिटी परीक्षण मशीन जिसके माध्यम से बिटुमिन मिक्स की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाता है, भी सम्मिलित हैं।मंडल आयुक्त ने सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन के पास बनाए जा रहे फ्लाइ ओवर का भी निरीक्षण किया तथा वहां रखे उपकरणों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने फ्लाइ ओवर बनाने में आ रही भूमि एवं अन्य संबंधित समस्याओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए फ्लाइ ओवर के कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग कराने के निर्देश दिए।

## बीए प्रथम वर्ष के छात्र ने फांसी लगा कर दी जान



**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बीए प्रथम वर्ष के छात्र ने कमरे में फांसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। मंगलवार सुबह जब परिजनों ने खिड़की से देखा तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर थाना क्षेत्र के इफको पुलिस चौकी अंतर्गत झझरी गांव निवासी सुशील कुमार 20 पुत्र लालमणि पाल रोज की बात सोमवार शाम अपने कमरे में सो गया। मंगलवार सुबह जब वह देर तक नहीं उठा तो परिजनों ने उसके कमरे में झांककर देखा तो अंदर पंखे में लगे हुक के सहारे वह फांसी पर लटक रहा था। सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। मौत की सूचना मिलते ही भाई कमलेश कुमार, मूलचंद व चंचल व माता आशा देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मासूम की शव मिलने से मचा हड़कंप



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा थाना क्षेत्र के मेजारोड पुलिस चौकी अंतर्गत बरसैंता गांव में नाले में संदिग्ध परिस्थितियों में मासूम का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।मिली जानकारी के अनुसार बरसैंता गांव निवासी जुल्फकार अहमद की नातिन तैय्यबा उम्र लगभग 16 महीना) पुत्री करम इलाही अपनी ननिहाल में पिछले कई महीनो से रह रही थी। मंगलवार सुबह घर से तकरीबन कुछ ही दूरी पर नाले में उसका शव उतराता पाया गया। ग्रामीणों ने देखा तो हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंचे मेजारोड चौकी प्रभारी विकाश सिंह शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम को भेज दिया। चौकी प्रभारी ने कहा कि अभी परिजन की तरफ से तहरीर नहीं मिला है मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। वही संदिग्ध परिस्थितियों में मासूम की मौत को लेकर तरह-तरह की चचाएं लोगों में व्याप्त रही।



## महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में कुएं में मिला

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थानांतर्गत बघेड़ी गांव की 40 वर्षीय महिला सुमित्रा देवी पत्नी सुबेदार यादव चार दिन पूर्व रात में घर से घर वालों को बिना कुछ बताए निकली थी घरवालों ने खोजबीन किया गांव एवं पड़ोसी रिश्तेदारों के यहां पता किया लेकिन सुमित्रा देवी का पता नहीं चला। परिजनों ने सरायममरेज में प्रार्थना पत्र देकर सुमित्रा देवी का पता लगाने का अनुरोध किया पुलिस ने भी खोजबीन किया लेकिन सुमित्रा का शव मंगलवार सुबह उसके घर से दो सौ मीटर दूर खेत के कुंए में तैरता हुआ संदेहास्पद स्थिति में मिला, पेट में चकरी बंधा हुआ था। परिजनों ने सूचना जंघई पुलिस को दिया मौके पर पहुंची जंघई पुलिस ने शव को ग्रामीणों के सहयोग से कुंए से निकाला और शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेज दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है सुमित्रा को एक बेटा और एक बेटी है और बेटे की शादी भी पड़ी है सुमित्रा के निधन से परिजनों में शोक व्याप्त है।

# छतनाग में ऑपरेशन दृष्टि के तहत लगाया गया सीसीटीवी कैमरा

**अखंड भारत संदेश**




**झूंसी।** ऑपरेशन दृष्टि के तहत शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों के चौराहो, बाजारों में कैमरे लगावे जा रहे है। जिसके लिए पुलिस लगातार पार्षद, प्रधान, कोटेदारो व व्यापारियों को जागरूक कर रही है। झूंसी छतनाग के सबसे संवेदनशील मिलन चौराहे पर पार्षद शिव नारायण यादव ने मंगलवार को कैमरा लगवाया। इस चौराहे पर आए दिन कोई न कोई घटना घटती रहती है। कैमरा लगने के दौरान उपस्थित छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह ने चौराहे पर उपस्थित व्यापारी व स्थानी लोगों से अपने घरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों, प्रतिष्ठानों के बाहर कैमरा लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कैमरा लगाने से आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ने में काफी हद तक मदद मिलेगी।

## गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है : पं पंकज त्रिपाठी

**प्रयागराज।** जन कल्याण हेतु हंडिया तहसील क्षेत्र के पुरेधीसा के बजहा मिश्रान गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा में कथा सुनने के लिए इलाकाई भक्त श्रोता लोगो की भीड़ जुट रही है। कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य पं पंकज मणि त्रिपाठी महाराज जी ने कथा के छठवें व सोमवार के दिन कृष्ण और रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर मौजूद भक्त श्रोता जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने संगीतमय प्रसंगों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर भी कर दिया। कथावाचक आचार्य पं पंकज मणि त्रिपाठी महाराज ने कहा कि गोपियों और कृष्ण का संबंध जीव और परमात्मा की तरह है। गोपियां जितना प्रेम जीव को परमात्मा तक पहुंचा सकती हैं। उतना ही परमात्मा भी जीव को पहुंचाता है। उन्होंने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि आखिरकार आतताई कंस का कृष्ण ने बध कर दिया। कथा के मुख्य श्रोता यजमान घनश्याम तिवारी व रीता तिवारी ने यज्ञाचार्य पं शिव पांडेय का माल्यार्पण किया। लोक गायक सुजीत तिवारी व मंजीत तिवारी के सहित भजन गायिका प्राची उपाध्याय मौजूद रही।

# आंगनबाड़ी केन्द्र में राज्यपाल ने संसाधन किट वितरित कर कार्यकत्रियों के साथ किया संवाद

**आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां निभाती है बड़ा दायित्व : राज्यपाल**

**राज्यपाल महोदया ने 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रदान की किट**

**बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ने के लिए खिलौने, खेलने व इंटैजक्टिव लर्निंग की करनी होगी व्यवस्था**





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय अरैल नैनी प्रयागराज परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में राष्ट्रीय पोषण माह-सितम्बर 2023 के अंतर्गत आंगनबाड़ी संसाधन किट वितरण एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी से मेरा बहुत नजदीकी जुड़ाव है। कहा कि बच्चा जब पेट में होता है, तब से उसके जन्म व स्कूल में जाने तक की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी केन्द्र की होती है। उन्होंने कहा कि राज्य की सभी योजनाओं का पालन करते हुए गर्भवती महिलाओं व माताओं को मार्गदर्शन देना, सुरक्षित बच्चे के जन्म के लिए प्रयास करना, ये सभी कार्य हमारी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां करती हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले ज्यादातर बच्चे अभाव ग्रस्त, गरीब परिवार से होते हैं एवं उनके पास अच्छे कपड़े व खाने-पीने की अच्छी व्यवस्था भी नहीं होती है, ऐसे बच्चों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है कि इनकी देखभाल करते हुए इन्हें समाज की मुख्य धारा में सम्मिलित कराया जाये। इन्हें आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ने के लिए केन्द्रों में उनके लिए खिलौने, खेलने की व्यवस्था करने के साथ इंटैजक्टिव लर्निंग की व्यवस्था भी करनी होगी, जिससे वे स्वयं आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने के लिए उत्सुक रहे। उन्होंने कहा कि बच्चे लिखने से ज्यादा देखकर सीखते है, उन्हें एक खिलौने से भी काफी कुछ सिखाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केजी टू पीजी के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों को यूनिवर्सिटी व कालेजों से जोड़ना चाहिए। हमारे यहां यह रीति है कि किसी के भी घर खाली हाथ नहीं जाते है। इसलिए मैं आपके लिए दो प्रकार की किट लायीं हूं, जिसमें एक किट में खेलने, साइंस, मैथ व क्रिएटीविटी सिखाने के लिए व दूसरी 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए किट दी जा रही है। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को परिसर में स्थित कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों के साथ प्रार्थना व खेलों का एक साथ आयोजन कराने के लिए कहा है, जिससे वे भी उनके साथ सीख सके। कहा कि छोटे बच्चे बहुत प्यारे होते है और वे ईश्वर के बहुत करीब होते है। जैसे-जैसे वे बड़े होते है, उनके अंदर कभी-कभी ऐसी प्रवृत्तियां आ जाती है, जो उन्हें गलत रास्ते पर ले जाती है, इसलिए हमें उनका विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि गभार्धान के बाद 8 वर्ष की उम्र में ही हम पूरे जीवन का 80 प्रतिशत सीख लेते है, शेष उम्र में केवल 20 प्रतिशत ही सीखते है। अच्छाई-बुराई इसी उम्र में आती है। इसलिए हमारा उत्तरदायित्व है कि हम उन्हें ऐसा वातावरण प्रदान करें, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सके। उन्होंने नैनी जेल में बंद महिलाओं के बच्चों के बारे में बताते हुए कहा कि वे बिना किसी अपराध के सजा भुगत रहे है, इसलिए हमें सदैव ध्यान देना चाहिए कि हम कोई भी इस तरह का कार्य न करें, जिसका परिणाम हमारे बच्चों को भुगतना पड़े। उन्होंने उपस्थित अध्यापिकाओं से गलत मार्ग पर चलने वाले बच्चों को चिन्हित कर सुधारने एवं उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा है। उन्होंने अपने साथ राजभवन से लायीं हुई 55 पुस्तकों को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूर्णिमा चैबे को दिया और विद्यालय में एक लाईब्रेरी बनाने एवं समय पर इन पुस्तकों को विद्यालय के बच्चों को उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। इसके पूर्व राज्यपाल ने अन्न से निर्मित रेस्पी पोषण स्टॉल का अवलोकन करते हुए श्री अन्न से निर्मित पोहा, चने के दाल का फरा, नमकीन दलिया, ज्वार ढोकला, रागी इडली, बाजरे की टिक्की सहित अन्य उत्पादों के बारे में जानकारी ली। तदुपरान्त आंगनबाड़ी केन्द्र में उपस्थित बच्चों को फल वितरित करते हुए उनके प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात राज्यपाल महोदया के द्वारा वहां पर बनायी गयी स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्रीनंद गोपाल गुप्ता नंदी उनका स्वागत किया। नंदी सेवा संस्थान की ओर से उपलब्ध कराये गये 50 फ्री स्कूल किट बच्चों को प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार, परियोजना निदेशक श्री अशोक कुमार मौर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण तिवारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने बाहर सराय के परिषदीय विद्यालय के बच्चे को उपहार देकर किया सम्मानित



**सोरांव।** सोमवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह के अवसर पर क्षेत्र के बाहर सराय गांव में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के दर्जनों बच्चों को खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को उपहार देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज ने सोरांव क्षेत्र के बाहर सराय गांव को विकसित करने के लिए गोद लिए गए हैं। इसी गांव में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में परंपरागत खेलों के अंतर्गत खेलों को दो और पढ़ो के बैनर तले खेलकूद प्रतियोगिता बीते शुक्रवार को विद्यालय में आयोजित की गई थी। इसमें मेहंदी तथा छल्ला फेंक प्रतियोगिता में कक्षा 5 की छात्रा स्वाती तथा रंगोली में सिमरन, कंचे में यस,सुई धागा में रागनी गौतम व अश्वनी, गोटी में अल्फा तथा शिखा गौतम,बोरी दौड़ में शिवानी व आंचल ने स्थान प्राप्त किया था। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को प्रयागराज में आयोजित दीक्षांत समारोह में सभी विजेताओं को उपहार व स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय की महिला अध्ययन केंद्र के प्रोफेसर डॉक्टर अर्चना चंद्र को भी बाहर सराय गांव में अच्छा कार्य करने के लिए भी सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डोला बनर्जी, सहायक अध्यापक चंद्र शेखर, व प्रतिभा विश्वकर्मा सहित ग्राम प्रधान मनोरमा देवी तथा प्रधान पति राम गणेश मौर्य मौजूद रहे।

## श्री गणेश पूजन महोत्सव मे महिलाओं ने गाये भक्ति गाना, लोग हुये मन मुग्ध

**नैनी।** नैनी सार्वजनिक श्री गणेश पूजन महोत्सव छिवकी मे चौथा दिन मंगलवार शाम को पूजा पाठ के बाद आरती की गयी। श्री गणेश पूजन महोत्सव मे नन्हें-मुन्नें बच्चो द्वारा धूमधाम से नृत्य किया। श्री गणेश पूजन महोत्सव मे आस पास की महिलाओं ने श्री गणेश जी की भक्ति गाना गाया। वही महोत्सव मे आये हुये लोगो ने तालियां बजाकर उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम मे सभी भक्त व आये हुये बच्चे खड़े होकर गणेश जी बप्पा मोरिया नारे लगाये। इस मौके पर महेन्द्र पटेल, गोपाल, आदित्य निषाद, शनि, अभिषेक साहू, श्री निवास द्विवेदी, गंगा गुप्ता, श्रीराम सिंह, विनय मिश्रा, पंकज राय, विनय द्विवेदी, निखिल गुप्ता, पवन पांडेय, शिवम गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्रा की सुसाइड के मामले में शिक्षिका पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**मेरी वानामेकर गर्ल्स कॉलेज की शिक्षिका ने डांस का वीडियो लगाने पर छात्रा को लगाई थी फटकार**

**प्रयागराज।** छात्रा के सुसाइड के मामले में एक शिक्षिका पर केस दर्ज हो गया। पलक जायसवाल नाम की छात्रा मेरी वानमेकर गर्ल्स इंटर कॉलेज में 11वीं की छात्रा थी। उसने शिक्षक दिवस के दिन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का एक वीडियो अपने मोबाइल के स्टेटस पर लगा दिया था। उस वीडियो में स्कूल की शिक्षिका भावना डांस कर रही हैं। स्टेटस देखने के बाद शिक्षिका नाराज हो गई थीं और छात्रा को कॉल करके स्कूल से नाम कटवाने की धमकी दी थी। इसके बाद छात्रा ने घर में ही सुसाइड कर लिया था। परिवार के लोग लगातार शिक्षिका के खिलाफ केस दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर लगा रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें डाटकर भगा दिया था। विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने मामले को संज्ञान में लिया तो आज शिक्षिका के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

**मैडम ने कहा था स्कूल से निकलवा देंगे तुम्हें :** पलक की मांग शिखा जायसवाल ने बताया कि पांच सितंबर को स्कूल में टीचर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित हुआ था। जिसमें स्कूल की एक मैडम ने भी डांस किया था, जिसमें स्कूल की छात्राएं भी शामिल थी। कार्यक्रम का वह वीडियो पलक ने अपनी मां के मोबाइल के स्टेटस पर डाल दिया था। वीडियो में मैडम भी डांस करते हुए दिख रही थीं। किसी दूसरी छात्रा के जरिए जब यह बात मैडम को पता चला तो वह आक्रोशित हो गईं। उन्होंने पलक की मां के नंबर पर कॉल किया और वह नाराज होने लगीं। मां उस समय दूसरे के घर काम करने गई थी। मैडम के कहने पर मां ने मकान मालकिन का नंबर दे दिया। मैडम ने मकान मालकिन के नंबर पर पलक से बात की और जमकर फटकार लगाई। मैडम ने कहा, मेरा वीडियो स्टेटस पर क्यों लगाया। तुम्हारा नाम हम कटवा कर स्कूल से बाहर करा देंगे।

## मेजा ऊर्जा निगम द्वारा राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना कार्यक्रम में सहभागिता



**मेजा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बच्चों एवं महिलाओं में कुपोषण की समस्या को दूर करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में माह सितंबर 2023 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। बच्चों एवं महिलाओं के समग्र विकास की प्रतिबद्धता के विस्तार में मेजा ऊर्जा निगम द्वारा मंगलवार को अरैल आंगनवाड़ी, प्रयागराज में प्री स्कूल किट वितरण कार्यक्रम हेतु रु० 5 लाख सहयोग राशि के रूप में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के कर-कमलों द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकताओं को प्री-स्कूल किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई, निवेश प्रोत्साहन मंत्री, उत्तर प्रदेश, गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज तथा शासन एवं परियोजना के अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# शुआट्स द्वारा चिरौंजी वृक्ष की खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी, प्रयागराज।** वानिकी महाविद्यालय, शुआट्स ने मंगलवार को चिरौंजी वृक्ष की खेती पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया ताकि चिरौंजी नामक अत्तुत पेड़ की विशेषताओं और लाभों के बारे में व्यापक जागरुकता पैदा की जा सके, जो किसानों के लिए उच्च आय सुनिश्चित करेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् (यूपीसीएआर), लखनऊ द्वारा प्रायोजित परियोजना के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसका शीर्षक मौजूदा जर्मप्लाज्म संसाधनों से चयन के माध्यम से चिरौंजी(बुचानिया लानजान स्प्रेंग) का सुधार था। मुख्य अतिथि के संबोधन में शुआट्स के प्रो-वाइस चांसलर और कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री के डीन प्रो0 डा0 एंटनी जोसफ राज ने कहा कि व्यावसायिक रुप से चिंरौजी का पेड़ खाने योग्य गुठली के लिए जाना जाता है, जिसकी कीमत लगभग स्थानीय बाजार में रु0 600-2000/- प्रति किलोग्राम है। उन्होंने किसानों को यह बताया कि चिरौंजी कि बीज कर्नेल में लगभग 52 प्रतिशत तेल होता है और इनका उपयोग कन्फेक्शनरी और स्वदेशी चिकित्सा दोनों में जैतून और बादाम के तेल के विकल्प के रुप में किया जाता है। प्रोफेसर (डॉ0) एंटनी ने बताया कि इस पौधे कि लगभग सभी भागों का विभिन्न विकारों के इलाज कि लिए औषधीय महत्व है। मीठे पकवान चिरौंजी की बर्फी की तैयारी के अलावा, छाल और तने के रस का उपयोग दस्त और पेचिश के इलाज के लिए किया जाता है। प्रोफेसर (डॉ0) एंटनी ने बताया ने बताया कि चिरौंजी की स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुत अच्छी मांग है और इस प्रकार, चिरौंजी का पेड़ एक महत्वपूर्ण आर्थिक फसल बन गया है और उन्होने उत्तर प्रदेश के किसानों को इस चिरौंजी के पेड़ को खेतों में एकीकृत करनें के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि वानिकी का स्वरुप वानिकी महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ0 हर्ष बोध पालीवाल ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, किसानों, छात्रों और प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ0 नीलम खरे (एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख) ने गणमान्य व्यक्तियों, किसानों को औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव दिया। वानिकी महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ0 हेमंत कुमार ने चिरौंजी वृक्ष की बहुउपयोगिता एवं वृक्षारोपण प्रबंधन विषय पर किसानो को प्रशिक्षण दिया। यू0पी0सी0ए0आर0 के चिरौंजी परियोजना में कार्यरत युवा पेशवर श्री अनुप कुजूर ने किसानों को चिरौंजी वृक्ष का परिचय एवं इसकी खेती विषय पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सभी कृषकों को चिरौंजी के पौधे भेट किये गये। चिरौंजी पौध उन्पादन, रोपण तकनीक, वृक्षारोपण प्रबंधन आदि पर व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए किसानों के लिए चिरौंजी नर्सरी का क्षेत्र दौरा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित समिति के सदस्य डॉ0 अभिषेक जेम्स (एसोसिएट डीन, वानिकी कॉलेज) थे। डॉ0 नीलम खरे (वन उत्पाद प्रमुख), डॉ0 हेमंत कुमार, डॉ0 हर्ष बोध पालीवाल, श्री अनुप कुजूर, श्री क्लिंट सोन्स, श्री सतीश कुमार, श्री संजय कुमार, श्री संजीत कुमार, श्री राजन उपस्थित थे।

## कारखाने में करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**घूरपुर।** मंगलवार के दिन एक कारखाने में काम करते समय करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया इरादतगंज स्थित एक इंटर लांकिंग कारखाने में भंडारी गुप्ता (30) निवासी टिकरी बुंदावा जसरा विगत 5दिनों से काम करता था। मंगलवार की सुबह काम करते समय करंट की चपेट में आ झुलस गया। जिसे लोग इलाज के अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिए भेजा।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बरेठी चौराहे के पास अधेड़ अज्ञात व्यक्ति की शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।बता दें कि यह व्यक्ति कई दिनों से बाजार से लेकर बरेठी चौराहे तक इधर उधर टहलते दिखाई दे रहा था। मंगलवार को सुबह बरेठी चौराहे पर मृत पड़ा था।यह व्यक्ति लगभग 55वर्ष बताया जा रहा है। मानसिक रूप बिक्षित व्यक्ति पैंट सर्ट पहना था। ग्रामीणों ने इसकी सुचना उतरांव पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढा, वि. ख. सिराथू, कौशाम्बी

### निविदा विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा, विकास खण्ड – सिराथू ,जनपद–कौशाम्बी में **महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना व पन्द्रहवां वित्त आयोग** 2022–23 की कार्ययोजना में सम्मिलित कार्यो को कराने हेतु निर्माण हेतु प्रयुक्त होने वाली **सामग्री ईंट, गिट्टी, बालू, सरिया, सीमेन्ट इत्यादि** सामग्री आपूर्ति किये जाने हेतु दिनांक 28.09.2023 से 04.10.2023 के मध्य निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत फर्म से अपेक्षा है कि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत अपना–अपना दर संबंधित निविदा उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्राप्त निविदाएं दिनांक 06.10.2023 को दोपहर 3 बजे प्राप्त निविदाएं खोली जाएंगी। जिसका विवरण निम्नवत है–

| क्र0 | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा में मॉडल शॉप उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण | 8.77 | (मनरेगा/ केन्द्रीय वित्त) |

**श्रीमती रामकली**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा**
**वि0 ख0 सिराथू, कौशाम्बी**

**श्री विपुल कुमार मौर्य**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत बिदनपुर ककोढ़ा**
**वि0 ख0 सिराथू, कौशाम्बी**

पत्रांक–मेमो/ग्राम पंचायत/निविदा–2022–23 दिनांक 26.09.2023

## जयति शुक्ला ने बीएड परीक्षा में प्राप्त किया गोल्ड मेडल

### यशोधरा ने राजनीति विज्ञान में हासिल किया रजत पदक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जयति शुक्ला पुत्री अंजनी कुमार शुक्ल अमोघ ने प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय के 2023 की बीएड परीक्षा में स्वर्णपदक प्राप्त कर गोल्ड मेडलिस्ट बनीं। राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के कर कमलों से स्वर्णपदक एवम सम्मान पत्र उच्च शिक्षा राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी की समुपस्थिति प्राप्त किया। जयति शुक्ला की इस उपलब्धि पर मां सीमा शुक्ला बाबा केशरी नन्दन शुक्ल आदि ने परिवार के लिए स्वर्णिम क्षण बताया।प्रो.राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज के छठवें दीक्षांत समारोह में यशोधरा ठाकुर को कुलाधिपति राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी व कुलपति डा. अखिलेश कुमार सिंह ने रजत



गोल्ड मेडल के साथ जयति शुक्ला व रजत पदक के साथ यशोधरा।

मेडल से सम्मानित किया। एम.ए राजनीति विज्ञान में रजत पदक हासिल करने वाली यशोधरा के पिता सनातन हितकारिणी न्यास के अध्यक्ष ठा. प्रकाश सिंह व मां अरुणा सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि ईमानदारी से की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती है। सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पीजी कालेज लालगंज में एम.ए.राजनीति विज्ञान विषय में विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर प्रबंधक पूर्व मंत्री प्रो.शिवाकांत ओझा, उप प्रबंधक पूणार्शु ओझा, निदेशक डा. संदीप मिश्र, प्राचार्य डा. अमित कुमार सिंह ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### उर्से अतीकी में अमनों शांति व तरक्की की मांगी गयी दुआ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के खानापटटी स्थित मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में मंगलवार को उर्से अतीकी रहमतउल्लाह अलैह में अकीदतमंदों का भारी जमावडा दिखा। उर्स की शुरूआत साहबे सज्जादा हजरत मौलाना मो. रहमानी मियां की कयादत में अतीक साहब की पाक मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी के बीच हुई। मुल्क की सलामती तथा आपसी भाई चारे व कौमी तरक्की के लिए यहां जुटे हिन्दू मुसलमान की भारी तादात ने पाक मजार के सामने दुआएं मांगी। उर्स में मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने शामिल होते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से अतीक साहब की मजार पर चादरपोशी की।

## मोदी सरकार द्वारा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मनाई खुशियां

### मिठाई खिलाकर व ढोल नगाड़ों के साथ महिला मोर्चा ने मनाया जश्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों महिलाओं ने मोदी सरकार द्वारा संसद व विधान सभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने की खुशी भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यालय में मनाई। भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा ढोल नगाड़ों के साथ जश्न मनाया।

कार्यक्रम की संयोजिक सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन तलाक समाप्त कर व महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर ऐतिहासिक कार्य किया है। जिलाध्यक्ष रुचि केसरवानी ने कहा कि महिलाओं


मिठाई खिलाकर जश्न मनाती भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी।

के लिये जितना कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया, इससे पहले कभी नहीं हुआ था। कार्यक्रम में अंजू पाण्डेय, प्रतिभा श्रीवास्तव, विमला शुक्ला, कुसुम सिंह, मनप्रीत, कमला जायसवाल, मीना कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## जेएमजी की आभा सिंह ने वैश्विक स्तर पर सफलता का लहराया परचम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर स्थित जेएमजी सीनियर सेकेण्ड्री पब्लिक स्कूल कालाकांकर की कक्षा सात की छात्रा आभा सिंह ने कैंब्रिज एवं आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय तथा क्लाइमेट साइंस चैरिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्लाइमेट साइंस ओलंपियाड 2023 के फाइनल राउंड में समूचे विश्व के तीन हजार बच्चों में अपना स्थान बनाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया एवं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया फाइनल राउंड की परीक्षा अक्टूबर 2023 में आयोजित की जाएगी। इस क्रम में आभा सिंह ने क्वालीफायर राउंड, क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल राउंड में अपनी सफलता का परचम पहले ही लहरा चुकी है। उनके गाइड आशुतोष राय एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा ने आभा सिंह की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी है एवं फाइनल राउंड में सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्रेसिडेंट वी एन शुक्ल ने सभी बच्चों से आभा सिंह की इस सफलता से प्रेरणा लेने हेतु उनका उत्साह वर्धन किया। आभा सिंह की इस उत्कृष्ट उपलब्धि के सृजन मे उनके पिता अनिल सिंह व माता मिथलेश सिंह को अपनी बेटी पर गर्व है स्कूल की कक्षाध्यापिका अंकिता त्रिपाठी व विज्ञान अध्यापिका शिवम मिश्रा आभा की इस सफलता पर गद गद दिखाई दे रहे है और शैक्षिक दिशा निदेशों की संतुष्टि प्रकट की है।

### पानी की पाइप लाइन बिछाने के विवाद में मारपीट व तोडफोड

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जल जीवन मिशन के तहत बिछाई जा रही पाइपलाइन के विवाद में हुई मारपीट में छह आरोपियों के खिलाफ बलवा व घर मे घुसकर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के बेलहा निवासी सुखदेव के पुत्र वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रविवार को दोपहर तीन बजे जल जीवन मिशन के तहत बिछायी जा रही पाइप लाइन को लेकर हुए विवाद में विपक्षी अरविन्द सिंह पुत्र पारसनाथ, अंकित सिंह, अनुज सिंह, अमित सिंह पुत्रगण अरविन्द सिंह, रमेश सिंह पुत्र रावेन्द्र बहादुर, रावेन्द्र सिंह पुत्र सुखदेव ने लाठी डंडा लेकर घर मे घुसकर मारपीट की।

## सपा नेताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमों की निष्पक्ष जांच के लिये प्रतिनिधिमण्डल मिला डीएम से

### अखिलेश यादव के प्रतापगढ़ आगमन के पहले लखनऊ से आया प्रतिनिधिमण्डल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल प्रतापगढ़ मे जिला अधिकारी से मुलाकात की और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष छविनाथ यादव, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गुलशन यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी समेत 10 अज्ञात लोगों पर रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज होने की निष्पक्ष जांच कराए जाने के लिए जिला अधिकारी संजीव रंजन से


जिलाधिकारी से मुलाकात करते सपा प्रतिनिधिमण्डल के पदाधिकारीगण

मिला। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज, राष्ट्रीय महासचिव राम अचल राजभर, सुनील सिंह साजन, मनोज पांडे, ताहिर हसन, अभय सिंह, पवन पांडे, राम सिंह पटेल, डॉक्टर आरके वर्मा मौजूद थे।

इस दौरान पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज ने कहा कि 4 और 5 अक्टूबर को समाजवादी प्रतिक्षण कार्यक्रम है सरकार नहीं चाहती कि पार्टी का कार्यक्रम हो। सपा जिला अध्यक्ष समेत दो लोगों के ऊपर और 10 अज्ञात के ऊपर फर्जी मुकदमा लिखा गया है ताकि कार्यक्रम को स्थगित कर दिया जाए परंतु समाजवादी टीम यहां पर रुकने वाली नहीं है। तत्पश्चात दम खम से अपनी बात रखने के बाद प्रतिनिधि मंडल पार्टी कार्यालय पर पूर्व एमएलसी सुनील सिंह साजन ने कार्यक्रम की तैयारी का प्रारूप तय किया और सातों विधानसभा के अध्यक्षों से बैठक किया।

## नई शिक्षा नीति में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने पर हुआ जोर

### जीजीआईसी परिसर में आयोजित हुआ कला उत्सव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कालेज परिसर में कला उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान अशोक कुमार आचार्य सीटीआई प्रयागराज एवं प्राचार्य डायट प्रतापगढ़ ने मुख्य अतिथि के तौर पर कहा कि कला उत्सव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके उद्देश्य माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचाना और उसे पोषित करना हैं

बता दें कि राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 से



जीजीआईसी में आयोजित कला उत्सव में मौजूद अतिथिगण।

12 के छात्र छात्राओं में कला, साहित्य, नृत्य, दृश्य कला, ललित कलाओं और संगीत को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया और अपनी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। कला उत्सव का शुभारंभ करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह ने कहा, कि नई शिक्षा नीति में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। इससे विद्यार्थियों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं का पता चलता है। निर्णायक के रुप में नीरू श्रीवास्तव प्रधानाचार्य गवर्नमेंट हाई स्कूल कपा माधोपुर प्रतापगढ़, मिथिलेश सिंह पूर्व प्रवक्ता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, शिव बहादुर प्रवक्ता डायट विजय कुमार शर्मा सहायक अध्यापक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पट्टी प्रतापगढ़ एवं डॉक्टर बच्चा सिंह प्रवक्ता गांधी इंटर कॉलेज सांगीपुर आदि रहे। कला उत्सव की जनपदीय नोडल अधिकारी गरिमा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। संयोजक के रूप में उप प्रधानाचार्य गीता रहीं। जनपदीय नोडल अधिकारी के रूप में डॉक्टर विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज वरहदा प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम के संचालक और जनपदीय नोडल डॉ मोहम्मद अनीस ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 के प्रत्येक विधाओं में से जनपद से चयनित एक छात्र और एक छात्रा मंडल स्तर की कला उत्सव की प्रतियोगिता में अपनी गाइड शिक्षक के साथ प्रतिभा करेंगे। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## हत्या के मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल शाहिद ने अभियुक्तगण छोटेलाल सुत शंभू, रोहित सुत छोटेलाल, राहुल सुत राजेन्द्र प्रसाद, जीतलाल सुत सीताराम, राजेन्द्र सुत शंभूनाथ, अनिल सुत जीतलाल निवासी सराय भिखारी थाना आसपुर देवसरा, प्रतापगढ़ को धारा 148 भादवि में प्रत्येक को तीन वर्ष का कारावास तथा प्रत्यक को दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियुक्त रोहित को धारा 302 भदवि में आजीवन कारावास तथा 20 हजार रुपये से दण्डित किया। सभी अभियुक्तगण को धारा 147, 148 तथा 435 भादवि में बरी किया गया। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। बता दें कि वादी फूलचंद्र सुत खेलाड़ी निवासी सराय भिखारी थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया कि 27 अक्टूबर 2014 की रात रात बजे सभी मुल्जिमान जमीनी विवाद को लेकर लाठी डण्डा तथा चाकू से फूलचंद्र, लालचंद, अजय व सुबेदार को बुरी तरह से मारा पीटा जिसमें फूलचंद्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा शेष लोगों को गंभीर चोटें आई। राज्य की ओर से पैरवी शासकीय अधिवक्ता योगेश कुमार शर्मा तथा सहायक शासकीय अधिवकता विक्रम सिंह ने किया।

## नगर पालिका के सौ सफाई कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

### नगर पालिका के सभागार में स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर आज नगर पालिका परिसर में सफाई कर्मचारियों तथा नगर पालिका कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं चिकित्सकों द्वारा उन कर्मचारियों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। मंगलवार को दिन में 11 बजे से तीन बजे तक 100 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण हो चुका था। नगर


नगर पालिका के सभागार में लगे शिविर में जांच करते चिकित्सक।

पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम आयोजित था जिसमें अधिशाषी अधिकारी व सफाई निरीक्षक भी स्वास्थ्य परीक्षण कराने में शामिल रहे। सफाई कर्मचारियों व नगर पालिका के सभी कर्मचारी इस स्वास्थ्य परीक्षण से खुश दिखाई दिये। खासकर ऐसे सफाई कर्मचारी जिन्हें गंदगी व नाले-नालियों की सफाई करनी पड़ती थी।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के मामले में वाछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लालगंज कोतवाली के बारेडीह खानापटटी निवासी शिव बहादुर कोरी का पुत्र सूरज कोरी दुष्कर्म के एक मामले मे वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक अनीस कुमार यादव ने आरोपी को घर के समीप से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि आरोपी दुष्कर्म के मामले मे वांछित था और पुलिस को उसकी तलाश थी।

## भगवान राम की बाल लीलाओं का रोचक ढंग से हुआ उद्धरण

### किशोरी सदन में चल रही श्रीराम कथा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेवा भारती द्वारा नगर में अवस्थित किशोरी सदन में सुसज्जित भव्य पंडाल में आयोजित श्री राम कथा के चैथे दिन भगवान की बाल लीलाओं का का प्रसंग अद्भुत रहा। मानस मर्मज्ञ श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज ने बताया की नारायण के मानव रूप में अवतरित होने पर राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति की खुशी में अपना सर्वस्व दान कर दिया।

यही नहीं, दान प्राप्तकर्ता ने भी दान में मिला सब कुछ किसी



श्रीराम कथा कहते मानस मर्मज्ञ दिलीप कृष्ण भारद्वाज।

अन्य को दान कर दिया।सरबस दान दीन्ह सब काहू। जेहि पावा राखा नहि ताहू। श्री अयोध्या धाम की शोभा वर्णनातीत हो चली थी। यहाँ तक कि भगवान सूर्य भी अयोध्या की शोभा को देखकर अपना रथ चलाना भूल गये और एक मास के बराबर का एक दिन हुआ था। प्रारंभ होने के पूर्व मुख्य यजमान श्री सिया राम गुप्ता जी ने विधिवत आरती, पूजन किया। संपूर्ण वातावरण राम मय होने के फलस्वरूप श्रोताओं में अद्भुत राम भक्ति का संचार आलोकित हो रहा था।आज की कथा में राष्ट्रीय स्वयं संघ, काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश, गोरक्ष प्रान्त के प्रांत शारीरिक प्रमुख श्री रवि जी, मा. जिला संघ चालक चिंतामणि, विधायक राजेंद्र मौर्य, महंथ मनोज ब्रह्मचारी, दिनेश गुप्ता, भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, ओम प्रकाश त्रिपाठी, हरिओम मिश्र, शिव शंकर सिंह, डॉ अखिलेश पांडेय, गोविंद खण्डेलवाल, नीतेश खण्डेलवाल, राज नारायण सिंह, गिरजा शंकर मिश्र, शिशिर खरे, आशीष जायसवाल,अनामिका उपाध्याय, शकुंतला खंडेलवाल, साक्षी खंडेलवाल, बबीता खण्डेलवाल, अनुराधा केसरवानी, मिली खण्डेलवाल, मीनू खंडेलवाल, भूपेश त्रिपाठी, अमित शुक्ला इत्यादि उपस्थित रहे।

### गाजे बाजे के साथ विदा हुए गणपति

**प्रतापगढ़।** गणेश चतुर्थी के दिन घरों और पंडालों में विराजे विघ्नहर्ता गणेश की मूर्ति का विसर्जन शुरू है। इसी क्रम में सिविल लाइंस स्थित वी मार्ट में मेडिकल कालेज के वरिष्ठ चिकित्सक डा मनोज खत्री के संयोजन में स्थापित गणेश मूर्ति का गाजे बाजे के साथ मां बेल्हा नदी के किनारे सई नदी में विसर्जन किया गया। अजीत नगर, चैक, सहोदरपुर समेत कई अन्य मोहल्लों में विराजे विघ्नहर्ता का श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्ति भाव से विसर्जन किया।

## सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह व अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील के निर्देश के क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन, 154 घंटे का विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर हदीहाल से भंगवा चुंगी तक निकली गई। यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक लगातार चलेगा। इस दौरान संचारी रोग नियंत्रण की बैठक की गई जिसमे जिला चिकित्सा विभाग से डा आकाश, यूनिसेफ से सीमा गुप्ता सहायक मलेरिया अधिकारी ने सभासद गण, एवम सफाई नायकों को अपने वार्डो में मच्छर से होने वाले मलेरिया बुखार एवम अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया कि वे अपने वार्ड के लोगों को जागरूक करें और बीमारी से बचें। विशेष सफाई अभियान के तहत जन जागरूकता, एवम नालियों की सफाई, कूड़े का सिग्रिगेशन के लिए लोगो को अपने आस पास गंदगी फैलाने वाले को रोकने और गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर और राजेश कुमार बिंद, जेई सभापति यादव और शशांक श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद एवम नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 410 पेटी अवैध शराब हथिगवां पुलिस ने किया बरामद

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन मे अवैध शराब की बिक्री व बनाने वालों के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान में सोमवार की बीती रात जनपद के हथिगवा उप निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय व उप निरी0 आलोक कुमार अपने हम राह एसटीएफ उ0 प्र0 फील्ड इकाई प्रयागराज की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के नीलकंठ ढाबा के पास एन एच 19 मदन का पुरवा मजरा समसपुर के पास हरियाणा राज्य से बिहार मे अवैध शराब तस्करी को जा रही डीसीएम ट्रक यू पी 84 एटी 3431 में पुराने कपड़ो की करतन की 160 बोरियो के बीच अवैध अंग्रेजी शराब (इम्पीरियल ब्लू) मे छिपाकर परिवहन करते हुए 410 पेटी अवैध शराब को बरामद किया मौके पर एक अभियुक्त अरविंद कुमार दुबे पुत्र अशोक कुमार दुबे निवासी लीलापुर पोस्ट साहबगंज थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया। उक्त बरामदगी के मामले में हथिगवा पुलिस ने मु0अ0 स0 193/23 धारा 419, 420, भादवि व धारा 60(1),63,72 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया। क्षेत्र में भारी मात्रा मे अवैध शराब के बरामद होने से जहां पुलिस महकमा मे हड़कंप मचा हुआ है, वहीं क्षेत्र मे शराब बरामद की तरह तरह की चर्चा चाय पान की दुकानों में हो रही है।

# रक्त रंजित युवक का मिला शव हत्या की आशंका

## घटना स्थल पर लगा ग्रामीणों का मजमा सूचना पाकर पहुंची पुलिस



अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव के बाहर एक किसान के तिल के खेत में एक युवक का रक्तरंजित शव मिला है युवक के शरीर में धारदार औजार से गम्भीर चोट के निशान और गले में गोली मारने के निशान मिले हैं रक्तरंजित शव मिलने की जानकारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई लेकिन काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के गनपा गांव में मंगलवार की दोपहर बाद गांव के बाहर खेत में किसान काम कर रहे थे उन्होंने देखा कि तिल के खेत में एक युवक का शव पड़ा है जिसके शरीर में धारदार औजार से गंभीर चोट के निशान है गले में गोली मारे जाने जैसा निशान दिखाई पड़ रहा हैं खेत में रक्तरंजित शव मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया आनन फानन में तमाम लोग घटनास्थल पर पहुंच गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी युवक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है आशंका जताई जा रही है कि युवक की कही अन्यत्र हत्या कर शव को तिल के खेत में फेंका गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

## कोरियो निवासी अजमेर सिंह का था रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**शव की जानकारी मिलने के बाद परिवार में मचा कोहराम**

**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के पास स्थित भैरम बाबा (सकरा बाबा) के पास दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सोमवार की दोपहर बाद रेल पटरियों के बीच अज्ञात अधेड़ का शव मिला था जिसकी आज मंगलवार की सुबह परिजनों ने शिनाख्त कर ली है मृतक सैनी कोतवाली के कोरियो गांव सभा निवासी अजमेर सिंह पुत्र केवल सिंह था परिजनों के अनुसार मृतक अजमेर सिंह सोमवार की सुबह 10 बजे के लगभग घर से निकले थे सूचना अनुसार परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी फोटो और खबर देख आज मंगलवार को मृतक की शिनाख्त हुई है परिजनों ने मृतक गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है मृतक पहले सर्प काटने का उपचार करता था मौजूदा समय पटाखे का व्यवसाय करता था परिजनों के अनुसार मृतक का प्रयागराज के डॉक्टरों से उपचार भी चलता था।



## दीवार के उपर लगा छज्जा भरभरा कर गिरने से नीचे खेल रहे दस बच्चे दबे

**एक बच्चे की हालत नाजुक प्रयागराज किया गया रेफर**

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में दीवाल के ऊपर लगा हुआ छज्जा अचानक भरभरा कर गिर गया जिससे छज्जे के नीचे खेल रहे दस बच्चे दब गए,बच्चो के मलबे के नीचे दबने से घर में कोहराम मच गया,हादसे की सूचना पर लोग दौड़े और किसी प्रकार दबे हुए सभी बच्चो को बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया,जहा एक बच्चे की हालत गंभीर देख प्रयागराज रेफर कर दिया गया। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के परसरा में तालाब के किनारे बने घर की दीवाल पर एक छज्जा लगा हुआ था,जो मंगलवार की सुबह अचानक भरभरा कर गिरा गया,वही नीचे बच्चे खेल रहे थे,जिसमे दस बच्चे छज्जे के मलबे में दब गए,बच्चो के दबने से घर में कोहराम मच गया,लोग दौड़ कर आए और सभी को बाहर निकाला गया,आनन फानन में सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहा एक बच्चे की हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### आज आएंगे सदस्य, कृषक समृद्धि आयोग उ0प्र0

**कौशाम्बी।** सदस्य, कृषक समृद्धि आयोग, उ0प्र0 कुलजीत सिंह दिनांक 27 सितंबर 2023 को पूर्वाहन 11 बजे काशीराम गेस्ट हाउस, ओसा पहुंचेंगे सदस्य पूर्वाहन 11बजे से टेवा, करारी तथा बसुहार आदि गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे सदस्य काशीराम गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। सदस्य दिनांक 28 सितम्बर को प्रातः 09 बजे जनपद प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कश्यप ऋषि की पूजा कर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**मनौरी बाजार में हजारों केशरवानी लोगो ने ग्रहण किया बंजारी माई का प्रसाद**



**मनौरी कौशांबी।** मनौरी बाजार में सोमवार को केशरवानी समाज के हजारों लोग एकत्रित हुए कश्यप ऋषि की पूजा अर्चना कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बंजारी माई की पूजा कर विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें बंजारी माई के भंडारे में केशरवानी समाज के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस बार बंजारी माई के भंडारे में प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने मनौरी पहुँच कर बंजारी माई और कश्यप ऋषि की पूजन कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई भंडारे के साथ केशरवानी समाज के उत्थान और प्रगति पर चर्चा हुई। बंजारी माई की पूजा अर्चना और कश्यप ऋषि की पूजा अर्चना कर भंडारे के आयोजन की केशरवानी समाज की परंपरा सदियों से चली आ रही और हर साल की तरह इस वर्ष भी भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष को सजातीय बंधुओ द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया इस भंडारे में मनौरी के अलावा चायल भरवारी, चरवा मंझनपुर प्रयागराज के केसरवानी बंधु भी शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया

### कीचड़ और गंदगी से जूझ रहा है कैनी गांव की सड़क

**गांव में सफाई कराए जाने सफाई कर्मी और एडीओ पंचायत के निलंबित किए जाने की मांग ग्रामीणों ने डीएम से की**



**कौशांबी।** जिले में करोड़ों का बजट सफाई व्यवस्था में खर्च किए जाने के बाद गांव की व्यवस्था चौपट है चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा है सड़कों में जल भराव है दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल है लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए गंभीर नहीं है ताजा मामला सिराथू विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैनी के मजाक कोडर का है जहां सड़क के मुख्य गली में गंदा पानी भरा हुआ है लोगों को आने-जाने में दिक्कत होती है गांव में रोज पंचायत सचिव का आना-जाना है कभी-कभी ब्लॉक के अन्य अधिकारी भी गांव पहुंचते हैं गांव की गली में गंदा पानी भरा होने के बाद उसे दुरुस्त नहीं कराया गया है गांव के लोगों ने भी अधिकारियों से कई बार गली में जल भराव और गंदगी की जानकारी दी लेकिन उसके बाद भी गांव की गली की गंदगी नहीं दूर हो सकी है जिससे योगी सरकार के स्वच्छता अभियान के बेहतर व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है गांव में सफाई कर्मी की तैनाती है और प्रत्येक महीने से उपस्थिति दर्ज कर वेतन दे दिया जा रहा है जिससे सफाई कर्मी और उसे संरक्षण देने वाले ब्लॉक के एडीओ पंचायत की भी लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है गांव में सफाई कराए जाने सफाई कर्मी और एडीओ पंचायत के निलंबित किए जाने की मांग ग्रामीणों ने डीएम से की

### तहसील संघ के अध्यक्ष पद पर लखन लाल गर्ग ने लहराया परचम, प्रतिद्वंदी बलराम त्रिपाठी को 21 वोटों से हराया



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमें तीन प्रत्याशियों ने दम खम से अपनी ताकत झोंक दिया। अधिवक्ता लखन लाल गर्ग ने जीत हासिल किया है। जानकारी के मुताबिक तहसील संघ अध्यक्ष के चुनाव में तीन प्रत्याशियों में बलराम त्रिपाठी , लखन लाल गर्ग और नरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपनी किस्मत आजमाई जिसमें लखन लाल गर्ग को 101 मत व बलराम त्रिपाठी को 80 मत जबकि नरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने 10 मत पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।जीत हासिल करके लखन लाल गर्ग जब तहसील परिसर से बाहर निकले उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया है।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**कौशाम्बी।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा के अधीक्षक डॉ मो सऊद के निर्देश पर मंगलवार को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम कार्यालय में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।नगर पंचायत अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी की अध्यक्षता में 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 16 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान को लेकर नगर पंचायत कार्यालय में नगर क्षेत्र के सभासदों व वार्डों के सुपर वाईजरों को प्रशिक्षण दिया गया।बीपीएम प्रदीप सिंह व यूनीसेफ के बीएमसी इमरान सिद्दीकी ने रोगों के बारे में मौजूद लोगों को जागरूक करते हुए उन्हें रोगों से बचाव आदि के बारे में जानकारी देते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि 9 से 14 अक्टूबर तक 5 साल तक के जो बच्चे व गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित रह गयी हैं उनका टीकाकरण कराया जाएगा।इस मौके पर शिवम मौर्या, सुजीत मौर्या, शोएब खान, इदरीस अहमद, अनिल यादव, दुर्गेश कुमार, राहुल कुशवाहा, जमील अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### पराली जलाने पर किसान के विरूद्ध जुर्माना लगाकर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा : उप कृषि निदेशक

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने जनपद के कृषक भाइयों को सूचित किया है कि धान की कटाई का समय नजदीक आ गया है। किसान भाई पराली न जलाये। शासन-प्रशासन द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये हैं कि कहीं भी पराली जलाये जाने की घटना न होने पाये। पराली प्रबन्धन के लिए, जनपद स्तर, तहसील स्तर तथा न्याय पंचायत स्तर पर टीमों का गठन कर दिया गया है खेत खलिहान में यदि पराली जलाये जाने की घटना आती है तो सम्बन्धित किसान पर जुमार्ना लगाकर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने बताया कि विगत वर्ष विकास खण्ड सरसवां एवं कौशांबी में 52 से ज्यादा पराली जलाने की घटनायें आयी थी।, यहां की गठित टीमों को विशेष हिदायत है कि अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर किसानों को जागरूक किया जाय तथा डिकम्पोजर के जरिये पराली को खाद में परिवर्तित किया जाय। वेस्ड डिकम्पोजर बीज गोदामों से निशुल्क दिये जायेंगे। प्रत्येक दिन सेटेलाइट द्वारा पराली जलाने की घटनाओं की रिपोर्ट प्राप्त होती है, जिसके आधार पर पराली जलाने वाले कृषक का सत्यापन कर विधिक कार्यवाही की जाती है। उन्होंने बताया कि पराली जलाये जाने पर भूमि के आधार पर यथा- 02 एकड़ से कम भूमि पर रुपएं 2500 एवं 02 एकड़ से अधिक व 05 एकड से कम भूमि पर रुपएं 5000 तथा 05 एकड़ से अधिक भूमि पर रुपए 15000 प्रति घटना पर जुमार्ना लगायें जाने का प्राविधान है।

# सीसीटीवी से बाइक चोर की पहचान होने के 11 महीने बाद चोर को गिरफ्तार नहीं कर सकी मंझनपुर पुलिस

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर निवासी राज किशोर त्रिपाठी के घर 11 अक्टूबर 2022 को मोटरसाइकिल को चोर उठा ले गए घटना पूरी सीसीटीवी कैमरे में कैद है बाइक स्वामी ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी मंझनपुर कोतवाली पुलिस को तुरन्त उपलब्ध कराई घटना के चार दिन बाद मंझनपुर कोतवाली पुलिस में मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन खुलासे को कोतवाली पुलिस भूल गयी युवक की पहचान भी मूरतगंज क्षेत्र के बलिहावा गांव के रूप में हुई करारी थाना क्षेत्र के एक गांव का यह युवक रहने वाला है और इसके पहले भी बाइक चोरी में जेल जा चुका है घटना को धीरे-धीरे 11 महीने से अधिक बीत चुके हैं लेकिन बाइक चोर को मंझनपुर कोतवाली पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है जिससे मंझनपुर कोतवाली पुलिस के लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के एक निजी नर्सिंग होम में 18 अप्रैल 2022 को दिनदहाड़े मंझनपुर कस्बे के कल्लू सोनी की भी बाइक चोर उठा ले गए थे या घटना भी सीसीटीवी कैमरे में कैद है इस घटना की भी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज पुलिस को तुरंत उपलब्ध कराई गई थी मामले में मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज है इसके अलावा भी क्षेत्र में तमाम बाइक चोरी सहित अन्य घटनाएं हुई है लेकिन घटनाओं खुलासे के मामले में पुलिस गंभीर नहीं है जिससे बाइक चोर गैंग के हौसले बुलंद है और वह घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं।

## चोरी कर रहे बच्चों के पकड़े जाने पर मां ने शुरू कर दी साजिश

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के अलीपुरजीता गांव में दवा की दुकान में चोरी कर रहे तीन शातिर बच्चो को संचालक ने धर दबोचा और उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया।घटना से बौखलाई आरोपियों की मां ने कार्रवाई कराने पर संचालक को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली ।घटना से भयभीत संचालक ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई किये जाने की मांग की है। कड़ा के अलीपुरजीता निवासी असलम खां पुत्र स्व मुमताज खां गांव में ही दवा की दुकान चलाते हैं।रविवार को वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद करके घर चले गए।देर रात गांव के तीन शातिर बच्चे शटर को टेढ़ाकर के दुकान में दाखिल हो गए और चोरी की घटना को अंजाम देने लगे।पास पड़ोसियों ने खटर - पटर की आवाज सुनी तो मामले की जानकारी संचालक को दी।सूचना पर पहुंचे संचालक जब तक शटर खोलते शातिर मासूम चोर पीछे के दरवाजे से रफूचक्कर हो गए।शातिर मासूम चोरों द्वारा चोरी किये जाने की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।संचालक ने चोरों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।मामले में पुलिस द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई किये जाने की सूचना नही मिली है।संचालक ने बताया कि आरोपियों की मां द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है।पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए न्याय की गुहार लगायी है।

# स्कूली बच्चों को भोजन में जहर देकर मारने का रसोइयां ने लगाया आरोप

अखंड भारत संदेश

**रसोईया की शिकायत पर आरोपी प्रधानाध्यापिका को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया निलंबित**



**कौशांबी।** बेसिक शिक्षा विभाग का प्राथमिक विद्यालय के सी पुरवा चरवा इन दिनों फिर एक प्रधानाचार्य के कारनामे से सुर्खियों में है विद्यालय की रसोइया सुगनन देवी पत्नी रामलाल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि स्कूल के भोजन सामग्री में प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह जहर का छिड़काव कर स्कूली बच्चों को मारने का प्रयास कर रही है रसोईया का कहना है कि जिस कमरे में भोजन सामग्री रखी थी उस कमरे में भोजन सामग्री गेंहू चावल लेने जाने से ही जहर की तीव्रता की महक से वह बेहोश हो गई है और अस्पताल में भर्ती हो कर इलाज कराया है उनका कहना है कि जिस समय वह जहर की तीव्रता से बेहोश हुई है प्रधानाध्यायिका अपने ड्राइवर के साथ गाड़ी में बैठकर चली गई है मामला 22 सितंबर की सुबह लगभग 10 बजे का बताया जा रहा है यदि प्रधानाध्यापिका द्वारा भोजन सामग्री में जहर मिलाया गया है तो यह मामला बड़ा गंभीर है और मामले में जिला अधिकारी को संज्ञान लेकर भोजन सामग्री की विधि विज्ञान प्रयोगशाला से जांच करा कर दोषी को कठोर दंड दिए जाने की जरूरत है। रसोईया सुग्गन देवी का कहना है कि प्रधानाध्यापिका उसके साथ गाली गलौज करती हैं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करती हैं उसे जान से मारने की धमकी देती रहती है रसोईया का कहना है कि झूठा आरोप लगाते हुए प्रधानाध्यापिका कहती है कि तुम्हारी बेटी की शादी में 15 हजार रुपए तुम्हें उधार दिए थे तुमने वापस नहीं किया तुम्हें इसी मुकदमे में फसा देंगे रसोइया की बातों को मानकर तमाम ग्रामीण रसोईया के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की गई है तो उनका कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी से जांच कराई गई है। प्रथम दृश्यता प्रधानाध्यापिका भोजन सामग्री में जहर मिलाने की दोषी पाई गई है मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और टीम बनाकर संपूर्ण प्रकरण की जांच कराई जा रही है प्रकरण में जो दोषी पाया जाएगा उस पर भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## जिलाधिकारी ने मोटीवेशन क्लास लेकर छात्रों को परीक्षाओ में सफलता के लिए दिये महत्वपूर्ण टिप्स



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत महामाया राजकीय बालिका छात्रावास, मंझनपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित निःशुल्क कोचिंग में मोटीवेशन क्लास लेकर छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया ।जिलाधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहें छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण टिप्स दियें कि किस प्रकार से तैयारी करें, ताकि सफलता प्राप्त हो सकें। उन्होंने प्रतियोगी छात्रों को यह भी विश्वास दिलाया कि जनपद में तैनात अन्य नवनियुक्त अधिकारियों को भी मोटीवेशन क्लास के लिए समय-समय पर भेजा जायेंगा, जिससे वे लोग अपने अनुभवों को आप लोगों से साझा कर सकें।

## अलवारा का मेला और दंगल देखने के लिए उमड़ी भीड़



**महेवाघाट कौशाम्बी।** सरसावा विकासखंड के अलवारा ग्राम सभा में एक दिवसीय दंगल एवं मेले को देखने के लिए क्षेत्र के महिला पुरुष बच्चो की भीड़ उमड़ पड़ी महिला पुरुषों बच्चो ने मेला का जमकर लुफ्त उठाया मेले में लगी दुकानों में महिलाओं ने जमकर खरीददारी की मंगलवार की शाम को मेला समापन हुआ है अलवारा ग्राम सभा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक दंगल एवं मेले का आयोजन किया गया दंगल में से दूर-दूर के पहलवानो ने अपनी कुश्ती और कला का प्रदर्शन किया जिसे देखने के लिए मेला मैदान में दर्शकों की भीड़ जमा रही ग्राम प्रधान दया शंकर सरोज द्वारा पहलवानों को उपहार देखकर उनका हौसला बढ़ाया गया आसपास गांव के लोगों ने मेले में जमकर खरीददारी किया मेले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना क्षेत्र की पुलिस लगातार भ्रमणशील रही।

## चिंतन शिविर का हुआ आयोजन




**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** आकांक्षी प्रखंड चिंतन शिविर कार्यक्रम के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत कोसम इनाम में चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पूरे भारत में नीति आयोग के तहत कुल 500 प्रखंडों का चयन किया गया है,जिसमें यूपी के 68 ब्लॉको का चयन हुआ हैं जिसमे कौशाम्बी भी है। 39 पैरामीटर पर कार्य किया जाएगा उक्त कार्यक्रम विकास हेतु डेवालापमेंट स्टेटजी हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सभी ब्लाक के अधिकारियों ने अपने अपने विचार और अपने विभाग के योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम के दौरान लोगों से अपनी राय बताने के लिए कहा गया तो ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने कहा कि बुधराम यादव द्वारा शिक्षा को ले अपना विचार व्यक्त किया जिसमे सुपर विजन के सुपर वाइजर उतने ही होने चाहिए। कृषि क्षेत्र में ,वह नेवादा ब्लाक में आता है उसे वह कौशाम्बी में होने चाहिए, जो आकांक्षी ब्लाक में एक मृदा परीक्षण केंद्र होना चाहिए ।पशुपालन को लेकर चर्चा किया जिससे लोग जानवर रोड में टहल रहे है तो कौशाम्बी ब्लाक में इसका निदान होना चाहिए। बिजली कटौती को लेकर अधिकारियों को चेताया। इस दौरान आंगनबाड़ी के पोषाहार उठान करने वाले समूहों को तीन वर्षो से भाड़ा भत्ता को मात्र छः माह का ही भुक्तान किया गया दौरान सभी कहे गए बातों को नोट कर निदान का आश्वाशन दिया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग,मनरेगा, पशुपालन विभाग,बैंक, पंचायत विभाग,बाल विकास पुष्टाहार,शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया है। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ प्रवीण कुमार, एडीओ पंचायत,सभी वीडीओ , सभी पंचायत सहायक, पंचायत सचिव, सहित सफाई कर्मचारी, आशा बहू, आंगनबाड़ी , खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार ब्लाक स्तरीय कर्मचारी रहे।

## अपनी मांगों को लेकर जिले भर के शिक्षक चाक डाउन हड़ताल पर

**कौशाम्बी।** जिले में अपनी मांगों को लेकर जिले भर के शिक्षक मंगलवार को चाक डाउन हड़ताल पर रहे,शिक्षको ने धरना प्रदर्शन कर आवाज बुलंद की,धारा 12,18,21 की पुनः बहाली के लिए शिक्षको ने प्रदर्शन किया है।पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षको ने आवाज बुलंद की है।आठ शिक्षक संगठनो के सम्मलित संगठन (संयुक्त मोर्चा) के आवाहन पर शिक्षक चाक डाउन हड़ताल पर रहे।शिक्षक संगठनों ने प्रदेश के सभी वित्तविहीनों शिक्षको को आच्छादित करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया है। कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भरवारी के शिक्षक हड़ताल में शामिल नही हुए मंझनपुर के दुर्गा देवी इंटर कॉलेज में प्रदेश के आठ शिक्षक संगठनों के आवाहन पर जिले भर के शिक्षक पुरानी पेंशन बहाली सहित अपनी मांगों को लेकर चाक डाउन कर प्रदर्शन किया है।

# पति को थाने ले जाकर पूरामुफ्ती पुलिस रात भर देती रही थर्ड डिग्री की यातनाएं

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद में पूरामुफ्ती पुलिस का अमानवीय चेहरा एक बार फिर उभरकर सामने आया है पूरामुफ्ती पुलिस ने अनुसूचित जाति के युवक पर एक के बाद एक कई अनगिनत लाठियां बरसाई उसके बाद शांति भंग की धारा में चालान कर दिया मामूली विवाद को लेकर पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव निवासी एक महिला ने अपने पति संजय कुमार पुत्र स्व भगवान दीन के खिलाफ पूरामुफ्ती थाना में शिकायत किया। शिकायत के बाद पूरामुफ्ती पुलिस 21 सितंबर की शाम अशरफपुर गांव पहुंचकर महिला के पति के ऊपर कहर बनकर टूट पड़ी घर के अंदर बैठे युवक को पूरामुफ्ती पुलिस कालर पकड़कर घसीटते हुए पुलिस जीप में जबरन बैठाकर थाने ले गयी और थाना के लाकअप में बंद कर रात भर जानवरों की तरह पीटती है। पुलिस की लाठियों से घायल पूरामुफ्ती पुलिस के पैरों पर गिरकर गिड़गिड़ाता रहा लेकिन जल्लाद बनी योगी सरकार की पुलिस बेरहमी की हद पार करते हुए रात भर थर्ड डिग्री की यातनाएं देती रही। पूरामुफ्ती पुलिस के द्वारा किए गए इस अमानवीय कृत्य से पुलिस वर्दी फिर कलंकित हुई है अनुसूचित जाति के युवक को थर्ड डिग्री की यातना देकर पूरामुफ्ती पुलिस ने एक बार फिर ब्रिटिश पीरियड हुकूमत की याद ताजा कर दी है।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में एकीकृत बागवानी विकास मिशन जिला औद्यानिक मिशन प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना ह्लपर ड्रॉप मोर क्रॉपह्व की क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विचार-विमर्श उपरान्त 125 हेक्टेयर क्षेत्रफल में केला टिश्यूकल्चर पौधारोपण, 02 हेक्टेयर में आम, 04 हेक्टेयर में अमरूद, 02 हेक्टेयर में पपीता, 20 हेक्टेयर में स्ट्राबरी, 05 हेक्टेयर में आवंला, 20 हेक्टेयर में करौंदा, 07 हेक्टेयर में फालसा, 03 हेक्टेयर में मेडरिंज/औरेंज एवं 125 हेक्टेयर में सब्जी की खेती आदि लक्ष्यों की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गयी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत 145 हेक्टेयर ड्रिप, 142 हेक्टेयर मिनी स्प्रिंकलर, 110 हेक्टेयर माइक्रो स्प्रिंकलर, 550 हेक्टेयर पोटेबुल स्प्रिंकलर एवं 180 हेक्टेयर रेनगन की स्थापना के लक्ष्य की पूर्ति कराने के लिए समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में जनपद के लघु उद्यमी, जो आचार, चटनी, मुरब्बा, पापड़ दालमिल, फ्लोरमिल, तेलमिल, मिठाई की दुकान व अन्य लघु उद्योगो को संचालित किये है, उन सभी को इस योजना में लाभान्वित करने के लिए 10 लाख तक के ऋण लेने पर 35 प्रतिशत अनुदान देय होगा। एफ.पी.ओ.एस.एच.जी./को-आपरेटिव समिति व अन्य उद्यमी पात्र होंगे। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक/डी.सी. मनरेगा मनोज वर्मा, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक, महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पात्र व्यक्ति आनलाइन आवेदन कर वृद्धावस्था पेंशन से हो लाभान्वित

**कौशाम्बी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने अवगत कराया है कि विभाग द्वारा बुजुर्गो को बेहतर कल और सम्मान जनक जीवन देने के लिये वृद्धावस्था पेंशन योजना चलायी जा रही है, इसके अन्तर्गत प्रत्येक लाभार्थी को रू0-एक हजार प्रतिमाह की दर से डी0बी0टी0 के माध्यम से तिमाही धनराशि प्रेषित की जाती है। केन्द्र/प्रदेश सरकार का अथक प्रयास है कि अधिक से अधिक पात्र लोग योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रदेश का निवासी एवं उसकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों की वार्षिक आय रू0-46080.00 तथा शहरी क्षेत्र के निवासियों की आय रू0-56460.00 के अन्तर्गत होना अनिवार्य है। प्रदेश सरकार द्वारा बुजुर्गो को सरकारी कार्यालयों का चक्कर न काटना पडे इसको ध्यान में रखते हुये आवेदन की प्रक्रिया को ऑनलाइन करते हुये असान कर दिया गया है, जो भी बुजुर्ग वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ पाना चाहते हैं,उन्हें इसके लिये बेब पोर्टल पर ऑनलाइन फार्म भरकर जमा करना होगा। इसके लिये इण्टरनेट कैफे, जन सुविधा केन्द्र या स्वयं द्वारा ऑनलाइन आवेदन बेब पोर्टल पर किया जा सकता है।

## संपादक की कलम से

# संसद में सड़क की भाषा बोलते माननीय

सड़क की भाषा उठ कर संसद में पहुंच गई। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में अपने ही साथी, बसपा सांसद के बारे में जैसे अपमानजनक और अशोभन शब्दों का इस्तेमाल किया, वैसा अब तक कभी नहीं किया गया। इसे लेकर स्वाभाविक ही विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

गौरतलब है कि नफरती बयानों पर सख्त रुख दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय कई मौकों पर इसे रोकने का निर्देश दे चुका है, मगर स्पष्ट है कि राजनेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तो शायद सार्वजनिक मंचों पर भाषा की मयार्दा का भी खयाल रखने की जरूरत नहीं समझी जाती। बयानों पर सख्त रुख दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय कई मौकों पर इसे रोकने का निर्देश दे चुका है, मगर स्पष्ट है कि राजनेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तो शायद सार्वजनिक मंचों पर भाषा की मयार्दा का भी खयाल रखने की जरूरत नहीं समझी जाती।

इसका जीता जागता उदाहरण बिधूड़ी के भाषण का वह अंश है जिसे देख-सुन कर साफ लगता है कि उन्हें संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में कोई अंतर महसूस नहीं होता। संसद की अपनी मयार्दा है, उसके नियम-कायदे हैं। यहां तक कि संसद की भाषा तय है। वहां बहुत सारे शब्दों का इस्तेमाल वर्जित है। वहां किसी भी ऐसे शब्द का उपयोग नहीं किया जा सकता, जिसे असंसदीय करार दिया गया है। इसलिए वहां बोलने के लिए सांसद पहले से तैयारी करके आते हैं। ऐसा नहीं माना जा सकता कि बिधूड़ी इससे अनजान हैं।

विडंबना देखिए, मोदी सरकार ने नए संसद भवन में संसद का विशेष सत्र बुलाया और संकल्प लिया कि नए संसद भवन में लोकतंत्र की मयार्दाएं और प्रगाढ़ होंगी, मगर विचित्र है कि उसी सत्र में मोदी के ही पार्टी का सांसद रमेश बिधूड़ी का ऐसा आपत्तिजनक आचरण सामने आ गया। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अगली बार से ऐसा आचरण सामने आया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दलों ने हंगामा किया तो पार्टी अध्यक्ष ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पंद्रह दिन के भीतर जवाब देने को कहा।

बात इतनी सी नहीं है, बात इससे कहीं आगे की है कि अब जब नफरत की भाषा संसद के भीतर राजनेता खुद बोलते हुए अपनी भाषा में संयम और मयार्दा का ध्यान नहीं रख पा रहे, तो उन्हें यह सलीका सिखाने की जिम्मेदारी कौन उठाएगा! हालांकि बिधूड़ी प्रकरण के बाद से स्वाभाविक ही पार्टी से ऐसे प्रतिनिधियों, नेताओं के प्रति सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठने लगी है। मगर विपक्षी दलों का तर्क है कि जब दूसरे दलों के नेताओं से सदन में मामूली चूक होती है तो भी उन्हें संसद से निलंबित कर दिया जाता है और बिधूड़ी ने एक साथी सांसद को सदन के पटल पर गाली दी, फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। उन्हें चेतावनी देकर क्यों छोड़ दिया गया? विपक्ष उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग कर रहा है। इस तरह लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका भी प्रश्नांकित होने लगी है।

# आपत्तिजनक टिप्पणियाँ : रमेश विधूड़ी दोषी तो मनोज झा निर्दोष कैसे?

**संजय तिवारी**





संसद के विशेष सत्र में दो सांसद अपनी अपनी टिप्पणियों के कारण विवाद का कारण बने। एक आरजेडी के मनोज झा और दूसरे भाजपा के रमेश विधूड़ी। आरजेडी सांसद मनोज झा ने जहां एक जाति विशेष "ठाकुर" को एक कविता के जरिए शोषक ठहराया तो रमेश विधूड़ी ने एक दूसरे सांसद दानिश अली को "उग्रवादी" करार देकर चुप रहने के लिए कहा।

लेकिन दोनों की अशोभनीय और अमर्यादित टिप्पणियों के बाद एक को जहां दोषी करार दे दिया गया वहीं दूसरे की कविता सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उसके समर्थक वर्ग ने वाह वाह किया। ऐसा क्यों हुआ? अगर किसी एक सांसद को उग्रवादी कहने पर उसे लाक्षणिक रूप से एक समुदाय से जोड़ दिया गया तो फिर एक पूरे समुदाय को भरी संसद में "शोषक" घोषित कर देने को महिमामंडित क्यों किया गया? अगर रमेश विधूड़ी दोषी हैं तो मनोज झा निर्दोष कैसे हो सकते हैं?

इस सरल से सवाल का जवाब बहुत जटिल है। इसे जानने के लिए भारत में लंबे समय से चले आ रहे उस राजनीतिक विमर्श को परखना पड़ेगा जिसके तहत किसी एक समुदाय या फिर अलग अलग समुदाय की निंदा करना प्रगतिशीलता कही जाती है और समुदाय विशेष के बारे में कुछ भी बोल देने पर हंगामा हो जाता है। सारा विपक्ष राजनीतिक मतभेद भुलाकर उसके साथ खड़ा हो जाता है।

आरजेडी के कोटे से राज्यसभा सांसद मनोज झा का राजनीतिक इतिहास ऐसा नहीं है कि उनके किसी योगदान की चर्चा हो। दिल्ली यूनिर्सिटी में समाज विज्ञान पढ़ाते थे और 2018 में आरजेडी के कोटे से राज्यसभा पहुंच गये। लेकिन वैचारिक रूप से मनोज झा उस बुझी हुई बत्ती को संसद में फिर से जलाने का प्रयास जरूर करते रहते हैं जिससे वर्ग संघर्ष का रास्ता साफ साफ दृष्टिगोचर हो जाता है।

कहने की जरूरत नहीं कि वो राजनीति में साम्यवादी विचारधारा की बुझती लौ के आखिरी चश्मो चिराग बनकर टिमटिमाना चाहते हैं। संसद के भीतर सत्तर, अस्सी और नब्बे का वह स्वर्ण युग बीत चुका है जब साम्यवादी सांसद इतनी बड़ी संख्या में हुआ करते थे कि वो संसद के भीतर ही नहीं संसद के बाहर की राजनीतिक विचारधारा को भी नियंत्रित और निर्देशित किया करते थे। बदलते समय के साथ बुर्जुआ और सर्वहारा की उनकी बहुप्रचारित विचारधारा का 'आर्थिक सुधारों' की सुनामी में लोप हो गया।

इसके बाद भी लगातार मजबूत होती भाजपा को देखकर उन्होंने सांप्रदायिकता और फासीवाद जैसे जुमलों को बनाकर रखा लेकिन तथ्यहीन आरोप जब कोर्ट कचहरी में साबित नहीं होते तो समाज में भला कैसे स्थापित हो जाएंगे? बंगाल में ममता बनर्जी की आंधी में पहले ही अधिकांश कामरेड संसद के बाहर चले गये थे। 2014 में नरेन्द्र मोदी के विकासवादी उफान में न केवल ये दोनों जुमले बह गये बल्कि बचे खुचे कॉमरेड भी संसद से बहकर बाहर चले गये।

विचारधारा के तौर पर कम्युनिस्टों के कमजोर होते ही उन्होंने अपने वजूद को बचाये रखने का दूसरा रास्ता खोज निकाला। दूसरे दलों और संगठनों में प्रवेश कर जाओ। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एसएफआई और आइसा जैसे संगठनों में सक्रिय रहनेवाले कॉमरेड अब जब बाहर निकलते हैं तो नयी जिम्मेदारी लेने अजय भवन और एके गोपालन भवन नहीं जाते। अब वो कांग्रेस और अन्य समाजवादी कहे जानेवाले दलों की ओर रुख करते हैं जो घोषित तौर पर जाति की राजनीति करते हैं। वर्ग संघर्ष के अपने बुनियादी सिद्धांत को अमल में लाने के लिए इससे बेहतर जगह उनके लिए भला और हो भी क्या सकती है?

इसलिए ठीक ठीक कहा जाए तो कॉमरेड इस समय राजनीतिक बहुरूपिये बन गये हैं। वो गांधीवादियों के बीच गांधीवादी हैं, समाजवादियों के बीच समाजवादी हैं, कांग्रेसियों के बीच कांग्रेसी हैं और बौद्धिक बिरादरी में सेकुलर लिबरल का जामा तो ओढे ही हुए हैं। लेकिन यह सब होते हुए भी वो भीतर से वही हैं जिसकी सघन वैचारिक ट्रेनिंग ले चुके हैं। वो वर्ग संघर्ष के उसी बुनियादी सिद्धांत को अब अलग-अलग मंचों से पुश करते हैं जिसकी बात करते करते कम्युनिस्ट पार्टियां भारत में अप्रासंगिक हो गयीं।

वर्ग संघर्ष के लिए जरूरी होता है कि वर्ग विभाजन सुनिश्चित किया जाए। भारत के कम्युनिस्टों ने बहुत मेहनत से यह वर्ग विभाजन चिन्हित किया है। इसमें मोटे तौर पर दो वर्ग हैं। एक जातीय वर्ग और दूसरा धार्मिक वर्ग। यह भी भारत के कम्युनिस्ट युग का एक कटु सत्य रहा है कि समाज में बुर्जुआ और सर्वहारा के दो बुनियादी समूह माननेवाले कम्युनिस्टों ने यहां मॉइनॉरिटी और मेजोरिटी के सिद्धांत को माना। जो मॉइनॉरिटी है वह अपने आप शोषित है और जो मेजोरिटी है वह अपने आप शोषक। इसी सिद्धांत पर वो बहुसंख्यक हिन्दुओं को शोषक तथा अल्पसंख्यक मुस्लिमों को शोषित वर्ग घोषित करते हैं।

परंतु अगर इसी सिद्धांत को जातियों के विभाजन पर लागू करें तो? फिर तो वह ब्राह्मण, ठाकुर, लाला ही सबसे बड़ा शोषित पाया जाएगा जिसे मनोज झा जैसे बहुरुपिये कॉमरेड संसद में खड़े होकर शोषक घोषित कर रहे हैं? लेकिन जब वो जातियों पर आते हैं तो अपने ही बनाये सिद्धांत को पलट देते हैं। जातियों में जो अल्पसंख्यक है वो शोषक हो जाता है तथा जो बहुसंख्यक है वो शोषित बना दिया जाता है। वो अपने ही बनाये सिद्धांतों को अपनी सुविधा अनुसार अलग अलग वर्गों पर अलग अलग प्रकार से लागू करते हैं। इस मतिभ्रम के कारण ही उन्हें या उनके वैचारिक धरातल पर राजनीति करनेवालों को दानिश अली शोषित दिखते हैं जिसके लिए राजनाथ सिंह माफीनामे का प्रस्ताव तक कर देते हैं। लेकिन कोई मनोज झा जब 'ठाकुर' जैसे जातिवादी शब्द का इस्तेमाल करते हुए एक जाति पर हमला करते हैं तो वही राजनाथ सिंह यह भी नहीं कह पाते कि ऐसी अशोभनीय टिप्पणी के लिए मनोज झा को माफी मांगनी चाहिए। उन्हें डर होगा कि ऐसा कहने भर से उनका शोषक होना सिद्ध हो जाएगा।

यही वो विरोधाभास है जिसे भारत के लोकतंत्र में 75 वर्षों में स्थापित किया गया है। हम सब इस विरोधाभास को स्वीकार कर चुके हैं, इसलिए हमें रमेश विधूड़ी तो दोषी नजर आते हैं लेकिन मनोज झा प्रगतिशील विचार के वाहक बताकर निर्दोष करार दे दिये जाते हैं। जबकि दोनों अलग अलग संदर्भों में वही काम कर रहे हैं। संसद में खड़े होकर भारत के किसी न किसी समुदाय या जाति विशेष पर राजनीतिक हमला।

**(इस लेख में लेखक ने अपने निजी विचार व्यक्त किए हैं। लेख में प्रस्तुत किसी भी विचार एवं जानकारी के प्रति उदय उत्तर उत्तरदायी नहीं है।)**

# दीया कुमारी को लेकर गरमाई राजस्थान की सियासत

**बाल मुकुंद ओझा**



जयपुर राजघराने की राजकुमारी दीया कुमारी को लेकर आजकल एक बड़ी खबर सियासी क्षेत्रों में तेजी से वायरल हो रही है। भाजपा आलाकमान काफी दिनों से राजस्थान के भविष्य को लेकर चिंतित हो रहा था। यह सब जानते है की राज्य में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का कोई रानीतिक विकल्प नहीं है। वे करिश्माई के साथ जनाधार वाली नेता भी है। सच तो यह है वसुंधरा को लेकर भाजपा आलाकमान को न उगलते बन रहा है और न ही निगलते बन रहा है। भाजपा की पुरानी नाराजगी अभी भी कायम है। जब गजेंद्र सिंह शेखावत को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जा रहा था उस दौरान वसुंधरा खेमे ने गजेंद्र की जमकर मुखालपात की उस कारण मदन लाल सैनी को समझौता अध्यक्ष के रूप में स्वीकार करना पड़ा था। भाजपा आलाकमान उस समय खून का घूँट पीकर रह गया। मगर कहते है मोदी और शाह वसुंधरा की यह अदावत आज तक भुला नहीं पाया। शाह के बारे में यह मशहूर है की वे वही करते है जो मोदी कहते है। ऐसी स्थिति में जनाधार होने के बावजूद वसुंधरा को प्रदेश की राज गद्दी से मरहूम होना पड़ेगा और समझौता मुख्यमंत्री के रूप में राजसमंद की सांसद दिया कुमारी को स्वीकार करना ही होगा। उनके राजनैतिक भविष्य के लिए यह प्रस्ताव मानना ही पड़ेगा। दीया कुमारी किसी विवाद में नहीं है और साफसुथरी छवि की नेत्री है।

प्रदेश में इस समय पांच नेता मुख्यमंत्री पद के दावेदार है। इनमें राजेंद्र राठौड़, सतीश पूनिया, किरोड़ी मीणा, अर्जुन मेघवाल और गजेंद्र सिंह शेखावत शामिल है।। ये सभी वसुंधरा के विरोधी माने जाते है। राजेंद्र राठौड सात बार के विधायक और सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार किये जाते है। परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने में राजेंद्र ने दिन रात एक कर दिया। इस दौरान अमित शाह का विश्वास जीतने में भी वे सफल रहे। मगर वसुंधरा के विरोध के कारण ये नेता सीएम की सीधी चढ़ने में सफल नहीं हो परहे है। ऐसे में एक निर्विवाद नाम दीया कुमारी का उबर कर सामने आया है जो किसी गुट विशेष में नहीं है। दिया का नाम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की जयपुर में आयोजित रैली में सामने आया। बीजेपी ने इस सभा की व्यवस्थाओं को जिम्मा महिलाओं को सौंपा है। सभा की व्यवस्थाओं के साथ मंच का संचालन भी राजसमंद सांसद दीया कुमारी ने किया। सब कुछ ठीक रहा तो मोदी की यह सभा दिया के राजयोग का रास्ता साफ कर सकता है। दीया युवा और महिला तो है ही साथ ही भाजपा के लिए वसुंधरा का विकल्प भी साबित हो सकती है। दिया कुमारी बीजेपी का एक जाना पहचाना नाम हैं, जो किसी पहचान का मोहताज नहीं। दीया कुमारी राजस्थान भाजपा में महामंत्री के पद पर कार्यरत है। दिया कुमारी जयपुर के पूर्व महाराजा सवाई भवानी सिंह की इकलौती संतान है। हाल ही में दिया कुमारी का बीजेपी में कद बड़ा है। इसके बाद दीया कुमारी काफी उत्साहित है। दीया कुमारी का जन्म 30 जनवरी, 1971 को जयपुर, में हुआ। वे पूर्व में राजस्थान विधानसभा में सवाई माधोपुर से विधायक थी। जयपुर की राजकुमारी दीया कुमारी, महाराजा सवाई सिंह और महारानी पद्ममिनी देवी की पुत्री हैं। वह ब्रिटिश राज के दौरान जयपुर रियासत के अंतिम शासक मान सिंह द्वितीय की पोती हैं। जयपुर को पहले आमेर के नाम से भी जाना जाता था बाद में जयपुर नाम ही अधिक प्रचिलत हो गया। इसी जयपुर घराने में जन्म हुआ था पूर्व महाराज सवाई भवानी सिंह का। उन्ही सवाई भवानी सिंह की पत्नी का नाम पद्मिनी देवी हैं और दीया कुमारी इन्ही की इकलौती संतान हैं। भवानी सिंह के कोई पुत्र नहीं था, इसी कारण उन्होंने बेटी दीया कुमारी के बेटे को ही साल 2011 में अपना वारिस घोषित कर दीया था। राजकुमारी दीया कुमारी

# 2024 की कामना - वैश्विक महामंदी से हो सकता है सामना

**एडवोकेट किशन भावनानीं गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर करीब करीब हर देश कोविड महामारी के जबरदस्त झटका से उनकी अर्थव्यवस्थाओं के बुरी तरह से चपेट में आने से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं कि फिर यूक्रेन-रूस युद्ध, अनेक देशों में आपसी बिगड़ते रिश्ते- मसलन भारत-कनाडा, अमेरिका रूस चीन, जलवायु परिवर्तन केभयंकर आघात जो अनेक देशों में बाढ़, भूस्खलन, आग जैसे अनेक घटनाओं से एक बार फिर दुनियां की अर्थव्यवस्थाओं के पीछे धकेलने का क्रम जारी है। जिस तरह के आंकड़े वर्तमान में आ रहे हैं उनमें अगले साल व्यापार में भारी नरमी के चलते इसका रूप महामंदी के तौर पर बढ़ जाए इसके लिए इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि जिस तरह अनेक देशों की थोक चिल्लर महंगाई दर बढ़ रही है, इसके उपायों में लगातार ब्याज दरों को बढ़ाया जा रहा है, जिससे महंगाई कम होते दिखी भी लेकिन यह आंकड़ों का खेल है,इसमें जमीनी स्तर पर अधिक फर्क नहीं पड़ा है। परंतु इसके उलट भारत की स्थिति अपेक्षाकृत सुदृढ़ है, परंतु फिर भी जमीनी स्तरपर देखा जाए तो भारत में भी खुदरा मुद्रा स्थिति दर, उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक, महंगाई दर सूचकांक पिछले महीनों से करीब दुगना हो रहा है। बाकी दुनियाः फेडरल रिजर्व और बैंक ऑफ इंग्लैंड की तरह ही स्विट्जरलैंड के स्विस नेशनल बैंक ने भी अब ब्याज दरों को बढ़ाने से दूरी बना ली है। कोशिश यही है कि महंगाई पर लगाम लगाई जाए, लेकिन ये बाजार में पूंजी की लागत भी बढ़ा रहा है। इसी तरह तुर्किए, स्वीडन और नॉर्वे ने भी ब्याज दरों को बढ़ाया है, जबकि दक्षिण अफ्रीका, ताईवान, हांगकांग, मिस्त्र, फिलीपीन्स, इंडोनेशिया और भारत में ब्याज दरें स्थिर हैं।चूंकि अगले साल में महामंदी की संभावनाएं मौजूदा आंकड़े और उनके ट्रेड से यह दर्शा रहे हैं, जिसपर सरकारों को ध्यान देना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां की सभी अर्थव्यवस्थाओं में अगले साल भारी नरमी देखने को मिल सकती है जो महामंदी का रूप ले सकती है जिसके संकेत मिल रहे हैं।

साथियों बात अगर हम मौजूदा विपरीत आंकड़ों की करें तो, मौजूदा वक्त में दुनियां भर की अर्थव्यवस्थाएं नरमी के दौर से गुजर रही हैं। महंगाई को कंट्रोल करने के सभी कदम विफल होते दिख रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में इजाफा जारी है। खाद्य वस्तुएं भी लगातार महंगी और आम आदमी पहुंच से दूर हो रही हैं। हाल में भारत के पड़ोसी मुल्क श्रीलंका और पाकिस्तान केबदतर हालात किसी से छिपे नहीं है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अगले साल दुनियां की सभी अर्थव्यव्यवस्थाओं में भारी नरमी देखने को मिलेगी, जो महामंदी की तरह हो सकती है। साल 2023 में किसी तरह दुनियां की इकोनॉमी की नैया पार भी हो जाए, तो अगले साल महामंदी आने के पूरे आसार नजर आ रहे हैं।

क्या अमेरिका, क्या यूरोप और क्या एशिया, सभी जगह हालात लगभग समान ही हैं।

# स्वस्थ नागरिक मजबूत राष्ट्र का निमार्ता

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है' मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहेगा तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है' तन के स्वस्थ रखने के साथ मानसिकता यानी मन को स्वस्थ रखना होगा अन्यथा उसका जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रह सकता है' इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है' इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके' भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है' इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है' इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा' फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरूआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55% हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दशार्ते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है।

इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है।

# प्रधान के हमलावरों पर करें गुण्डा एक्ट की कार्यवाही: सुनील शुक्ला



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में प्रधानों ने पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला को कर्वी ब्लाक के इटखरी गांव के प्रधान व पुत्र के साथ हुई मारपीट के मामले में ज्ञापन सौंपा।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में प्रधानों ने सोमवार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कर्वी ब्लाक के इटखरी गांव की गौशाला में व्यवस्था करने प्रधान सुरेश कुमार अपने पुत्र जितेन्द्र के साथ गये थे। आधा दर्जन लोगों ने लामबन्द होकर प्रधान व पुत्र पर जानलेवा हमला बोल दिया। इससे प्रधान सुरेश कुमार व पुत्र जितेन्द्र कुमार घायल हो गये। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें प्रयागराज रेफर कर दिया है। इलाका पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं की। इससे प्रधानों में रोष है। सरकारी कार्य करने में जिले के सभी प्रधान खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। गौशाला का संचालन धनराशि न मिलने से नहीं हो पा रहा है। इसके बाद भी अराजकतत्व प्रधान के साथ मारपीट कर रहे हैं।

इसकी निन्दा करते हुए प्रधानों ने हमलावरों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। प्रधानों ने मांग उठाई कि आरोपियों पर कार्यवाही कर प्रधान को सुरक्षा दी जाये। आरोपियों पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की जाये। ज्ञापन देने में प्रधान बनकट विद्यासागर यादव, प्रधान ताम्रबनी चतुवेर्दी, प्रधान विष्णुकान्त पाण्डेय, शिवकुमार, रामपाल, सोना देवी, फूला देवी, ज्ञानमती आदि शामिल रहे।

# तिबारा मोदी सरकार बनाने में जुटे कार्यकर्ता: लवकुश चतुवेर्दी

## अभियानों को प्रभावी करने को जिलाध्यक्ष ने किया संवाद




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत होने वाले कार्यक्रम व अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन को जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने पहाडी, सरधुआ मण्डल व राजापुर नगर पंचायत के कार्यकताओं से संवाद किया। मंगलवार को पहाडी, सरधुआ मंडल व राजापुर नगर पंचायत के कार्यकताओं से जिलाध्यक्ष लवकुश चतुवेर्दी ने कहा कि कार्यकर्ता 11 मण्डलों के 124 शक्तिकेंद्रों के 850 बूथों पर सशक्त संगठित संरचना बनाकर सभी कार्यक्रमों व अभियानों को सफल बनायें। आगामी 2024 में मोदी की अगुवाई में तिबारा भाजपा सरकार बनाने को सभी संकल्प ले, उन्होंने कहा कि संगठन का कार्य करने वाले ही कार्यकर्ता होते हैं। संगठन का काम करके ही आगे बढते हैं। शीर्ष नेता नरेंद्र मोदी से प्रेरणा लेकर राष्ट्र, समाज के विकास तथा लोक कल्याण को प्रयास करना होगा। सक्रिय प्रयास से भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों और निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा की मोदी सरकार देश के 50 करोड लोगों को पांच लाख की नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा दे रही है। सांसद आरके सिंह पटेल ने मंडल के पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओ का अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा के ही कार्यकर्ता सेवा को संगठन कार्य मानकर बिना किसी निजी स्वार्थ के कार्य करते हैं। भाजपा के संस्कार कार्यकर्ताओ को सदैव लोक सेवा व राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रेरित करते हैं। केन्द्र की मोदी सरकार ने जनहित की योजनाओं से जनता को सीधे लाभ पहुंचाने का काम कर रही है। बिचैलिया पूरी तरह से खत्म हो गये है। जनधन खाते से लोगो को बैंको से जोडकर हर योजना का लाभ सीधे खाते मे देने का काम कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों मे टूटी-फूटी गड्ढो वाली सडके हुआ करती थी, चारो तरफ सडकों का जाल बिछ चुका है। मुख्य मार्गो समेत हर गांव-पुरवा की सडको को बनाने का काम किया है। इन सभी चीजो को लेकर जनता के बीच कार्यकर्ताओ को जाने की जरूरत है।

डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि जहां पूर्व की सरकारो में सहकारिता भ्रष्टाचार का अड्डा रहा है, आज भाजपा सरकार में सहकारिता से ज्यादा लोगो को जोडकर लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा हैं। ब्लॉक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी ने अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मोदी ने भारत का मान दुनिया में बढाया है। बिना किसी भेदभाव के भाजपा केन्द्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। चेयरमैन राजापुर संजीव मिश्रा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के साथ नगर पालिका व नगर पंचायत तीसरे इंजन के रुप में जुड गया है, इससे विकास का मार्ग और प्रशस्त हो गया है। कार्यक्रम मे तीरथ तिवारी, मधुरेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश अनुरागी, हेमन्त प्रताप सिहं, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पहाडी विनोद पांडे, सरधुआ मंडल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, विकाश मिश्रा, दिनेश पटेल, तीरथ द्विवेदी, शक्ति प्रताप सिह, लालबहादुर सिंह, जानकीशरण तिवारी, आभेष मिश्रा, आशीष पांडे, रामसागर चतुवेर्दी, स्वयं प्रकाश मिश्रा, रमेश मिश्रा, श्रवण तिवारी, राधेश्याम गुप्ता, दीपू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# राजापुर क्षेत्र के सुन्दरीकरण को डीएम ने दिये निर्देश

## क्षेत्र का भ्रमण कर देखे कार्य



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बाजपेई तिराहा राजापुर से बोड़ी पोखरी तक बने एनएच 731 एजी रोड का निरीक्षण किया। एनएच किनारे बने नाले बाबत जिलाधिकारी ने कहा कि जिस तरफ ढाल हो, उधर ही नाले को मिलायें।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कहा कि जो शेष कार्य बचे हैं, उसे पूरा करायें। अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि साइड में इंटरलॉकिंग व रेलिंग, लाइट भी लगायें। कोतवाली राजापुर के सामने मंदिर के पास बनी दीवार को तोड़कर नाली बनवायें। जो पोल लगे हैं, उन्हें शिफ्ट करायें। चैराहे पर बने मंदिर को जिलाधिकारी ने सहमति लेकर नगर पंचायत के स्थान पर स्थापित कराने को कहा। शहर के लिए महत्वपूर्ण है कि रोड़ चैड़ीकरण हो जाए, ताकि आवागमन की समस्या न हो।

उन्होंने एसडीएम राजापुर व नगर पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिये कि जीजीआईसी के कॉर्नर के हिस्से को लेकर चैड़ा करायें। नया नाला का निर्माण हो रहा है, उसे पुराने नाले से मिलायें, जो जगह बचेगी उसे इंटरलाकिंग करायें, ताकि गाड़ियां खड़ी हो सकें। रोड पर बने गेट (पराको) अंबेडकर द्वार को तोड़कर हटायें। अधिशासी अभियंता से कहा कि फेंसिंग, रोड, फर्नीचर व लाइट सही करायें। नांदिन कुर्मियान के पास बने नाले को तालाब में ले जाकर जोड़े व लाइट यहां भी लगायें। नांदिन कुर्मियान में बने अधूरे पुल को जल्द पूरा करायें। बोड़ीपोखरी में हाई मास्ट लाइट लगायें। चैराहे पर आईलैंड भी बनवायें। जिलाधिकारी ने कहा कि ये कार्य दशहरे से पहले हो जाने चाहिए। कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि गुणवत्ता में कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। शासन की मंशानुसार कार्य करायें। इस मौके पर एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग रविंद्र पाल सिंह, अधिशासी अधिकारी राजापुर बीएन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

----------------------

# चोरी की बाइक समेत चोर दबोचा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय की देखरेख में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग की टीम ने वाहन जांच दौरान चोरी की बाइक समेत एक को दबोचा है।

ज्ञात है कि 24 सितम्बर को जितेन्द्र कुमार पुत्र स्व गयादीन निवासी द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी ने सूचना दी कि उसकी मोटरबाइक हीरो स्पलेण्डर यूपी 71जे/6794 अज्ञात लोग चुरा ले गये हैं। पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर घटना के खुलासे को चैकी प्रभारी परिक्रमा प्रवीण कुमार सिंह को लगाया। उन्होने मुखबिर की सूचना पर वाहन जांच दौरान बिना नम्बर की काले रंग की हीरो स्पलेण्डर सवार अमन चैहान पुत्र स्व प्रेमचन्द्र निवासी पुरानी बाजार कोतवाली कर्वी को रोका। गाड़ी के कागज मांगे। न दिखाने पर चेचिस नम्बर से चेक किया तो पता चला कि यूपी71जे/6794 मिला, जो मुकदमे से संबंधित था। पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद पर धारायें बढाई। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह व दीवान भरत सिंह शामिल रहे।

# दुष्कर्म का वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा ने अपहरण व दुष्कर्म तथा पाक्सो एक्ट के वांछित साहेबदीन पुत्र इसरार खां निवासी बूढ़ा सेमरवार कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व सिपाही जितेन्द्र मौर्या शामिल रहे।

# आप ने घोषित किये ब्लाक अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने जिले के सभी ब्लाकों में अध्यक्षों की नियुक्ति राजयसभा सांसद/ उप्र प्रभारी संजय सिंह कि मंजूरी से संगठन निर्माण को मजबूती देने को ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की है।

मंगलवार को बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष विवेक जैन ने सभी नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्षों की सूची जारी कर नई जिम्मेदारी की शुभकामनायें दी हैं। जिलाध्यक्ष सन्तोषी लाल शुक्ला व जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिले के गांव-गांव में आम आदमी पार्टी की टीम गठन कार्य जल्द पूरा किया जायेगा।

उन्होंने जारी सूची में बताया कि पुष्कर त्रिपाठी ब्लाक अध्यक्ष मऊ, संजय कुमार ब्लाक अध्यक्ष रामनगर, चंद्रभाल पाण्डेय उर्फ बबलू ब्लाक अध्यक्ष मानिकपुर, लवदीप सिंह पटेल ब्लाक अध्यक्ष पहाड़ी, अभिषेक सिंह पटेल ब्लाक अध्यक्ष कर्वी बनाये गये हैं।

# भभेंट में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा योजना, रिश्तेदार के नाम सचिव ने किया भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ग्राम पंचायत भभेंट में मनरेगा योजना में बिना कार्य कराये भुगतान हुए हैं। प्रधान-सचिव की मिलीभगत से फर्जी भुगतान में जिम्मेदार अधिकारी अनजान बन रहे हैं। प्रधान उमा देवी व सचिव मनीष पाण्डेय ने रिश्तेदार विपिन पाण्डेय की फर्म श्रीबालाजी ट्रेडर्स के नाम पर फर्जी भुगतान किया है। अन्त्येष्टि स्थल के नाम पर फर्जी भुगतान हुआ है।

मंगलवार को रामनगर ब्लाक के भंभेट गांव में फर्जी भुगतान का खुलासा हुआ है। बताया गया कि मौके पर किसी कार्य का सत्यापन नहीं कराया। पुरानी गौशाला को अन्त्येष्टि स्थल दिखाकर बिना एमबी के भुगतान हुआ है। ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन का गबन करने वाली प्रधान उमा देवी व सचिव मनीष पाण्डेय तथा सप्लायर/ठेकेदार विपिन पाण्डेय पर कब कार्यवाही होगी। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी की भूमिका संदिग्ध दिख रही है। खण्ड विकास अधिकारी/कार्यक्रम अधिकारी रामनगर मामले की जांच कब करेंगे। मनरेगा योजना में बिना कार्य कराए फर्जी भुगतान करने वालों पर जिला प्रशासन कब शिकंजा कसेगा।

# शक्ति दीदी अभियान में गुड टच-बैड टच की दी जानकारी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा एवं भरोसे का माहौल बनाने की गरज से जारी मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के तहत मानिकपुर थाने में तैनात दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने राजकीय इण्टर कालेज में छात्र/छात्राओं को स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट की पुलिस कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरुक किया।

मंगलवार को कालेज में हुई गोष्ठी में स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट के बच्चों को सुरक्षार्थ व सहायता को महिला व बाल अपराध के बारे में प्रशिक्षित किया। शासन से जारी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर 1090 वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा तथा थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के पम्पलेट बांटे। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को मिशन शक्ति एवं शक्ती दीदी के तहत बताया कि उनके साथ हो रहे किसी भी प्रकार के उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, ताकि उनके साथ हो रहे उत्पीड़न को रोका जा सके। स्टूडेंट्स पुलिस कैडेट को गुड-टच, बैड-टच के बारे में बताते हुए कहा कि अक्सर छोटे-छोटे बच्चों को जानने वाले ही बैड-टच करते हैं। हम समझ नहीं पाते, इस बाबत खुलकर बतायें तथा घर पर अपने छोटे भाई/बहन को भी गुड-टच, बैड-टच के बारे में बतायें।

## मनाया गया विश्व फामेर्सी दिवस

**चित्रकूट:** विश्व फामेर्सी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सीतापुर में फामेर्सी दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भूपेश द्विवेदी, सेवानिवृत्ति चीफ फार्मासिस्ट जागेश्वर प्रसाद सिंह भी उपस्थिति रहे।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि फार्मासिस्ट भाई हमारे चिकित्सा जगत की रीड की हड्डी है। उन्होंने कहा कि पीएससी, सीएससी, जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सेवाओं का संचालन बिना फार्मासिस्ट की मौजूदगी के सम्भव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र पांडेय ने किया।

इस मौके पर कमल सिंह, जिला सचिव फूल सिंह, संयुक्त सचिव बैजनाथ सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राम अग्रवाल, प्रेम सिंह, अनिल सिंह, दिलीप, अवधेश, रामचंद्र, बलराज, देवेंद्, इंद्राज यादव, श्याम अंकुल व राघव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस टीमों ने बैंक एवं वित्तीय संस्थानों में की चेकिंग

**चित्रकूट:** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के बैंक, वित्तीय संस्थानों की जांच की गयी। जांच के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया एवं डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक डियूटी करने के लिए कहा गया। बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहे है या नही। साथ ही शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर करने के निर्देश दिये गये।

## जल्द ही सीईटीपी से जुड़ेंगी सभी आद्योगिक इकाइयां, जल प्रदूषण की समस्या से मिलेगी निजात

**जयपुर। राज्य** में आम जनता को प्रदूषण मुक्त वातावरण मिल सके एवं उद्योगों में सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज को बढ़ावा देकर सुगम संचालन की राह को आसान किया जा सके, इस दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के भिवाड़ी क्षेत्रीय मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि भिवाड़ी न केवल राज्य के लिए बल्कि सम्पूर्ण देश में एक महत्वपूर्ण आद्योगिक नगरी है। यहाँ लम्बे समय से जल प्रदूषण की समस्या सामने आ रही थी जिसको मध्यनजर रखते हुए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया जाकर प्रयास किये जा रहे है।

अमित ने बताया कि वर्तमान सीईटीपी (कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) को अपग्रेड किया जा रहा है। जिसके तहत सीईटीपी को 06 एम एल डी क्षमता के जेडएलडी में रूपांतरित किया जायेगा। इस प्लांट में औद्योगिक इकाइयों के निकलने वाला खराब पानी को शोधित कर वापस औद्योगिक इकाइयों तक पहुंचा कर पुनरुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्य के लिए भिवाड़ीआद्योगिक क्षेत्र में 60 किलोमीटर की लाइन गंदे पानी को लाने तथा 100 किलोमीटर की लाइन उपचारित पानी को पुनः सप्लाई हेतु बिछायी गयी है। इसमें पूर्व में 220 इकाइयां जुडी हुई थी वही अब मंडल एवं प्रशासन के संयुक्त एवं सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप लगभग कुल 500 इकाइयां जुड़ चुकी है साथ शेष इकाइयों को जोड़ने का कार्य एवं निगरानी सतत रूप से की जा रही है। वहीं शेष संचालित औद्योगिक इकाइयों को जोड़ा जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीईटीपी लाइन से जुड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित करने का काम भी वृहद स्तर पर पर किया जा रहा है वहीं उक्त कार्य के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा 16 निगरानी दलों का निर्धारण किया गया है। अब सीईटीपी के जरिये अपशिष्ट उपचार लागत कम होगी साथ ही बेहतर सामूहिक अपशिष्ट उपचार प्रदान करने और एमएसएमई औद्योगिक ईकाइयों के लिए लागत को कम करने में भी मदद मिलेगी। वही ऐसी इकाइयां जो व्यक्तिगत उपचार संयंत्रों की स्थापना एवं संचालन का खर्च वहन नहीं कर सकती उन्हें भी अपशिष्ट उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

इसी के साथ शहरी सीवेज लाइन तथा उपचार संयंत्रों के रखरखाव तथा संचालन को भी सुधारा गया है वही राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा नगर परिषद् एवं बीडा को एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) की कार्यप्रणाली में सुधार करने एवं सीवर लाइन में रुकावटों को सुपर सकर मशीन द्वारा साफ करने के लिए निर्देशित किया गया था। वर्तमान में 4 एमएलडी का एसटीपी प्लांट बीडा के द्वारा एवं 9.5 एमएलडी के एसटीपी प्लांट नगर निगम भिवाड़ी द्वारा सुचारु रूप से संचालित किये जा रहे है। इसी के साथ बीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में अधिक एसटीपी स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है ताकि आवासीय क्षेत्र से उत्पन्न घरेलू अपशिष्ट जल और खुले नालों में न जाये।

अमृत-क्क प्रोजेक्ट के अंतर्गत नगर परिषद् द्वारा शहर में अतिरिक्त सीवर लाइन बिछाने तथा 32 एम एल डी क्षमता का नया उपचार संयंत्र की योजना भी अनुमोदित करवाई गई है एवं इसका कार्य शीघ्र शुरू किया जावेगा। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार बीड़ा (भिवाड़ी इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथॉरिटी) एवं स्थानीय प्रशासन के साथ संयक्त प्रयास के जरिए घरेलु एवं बारिश के जलभराव की समस्या से भी भिवाड़ी को शीघ्र ही मुक्त किया जायेगा। जिसके लिए कार्य योजना तैयार की जा चुकी है। उल्लेखनीय है भिवाड़ी राज्य का एक वृहद एवं महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है एवं राज्य की अर्थव्यवस्था में भी भिवाड़ी का महत्वपूर्ण योगदान है।

## फर्जी फर्मो के नाम पर भूसा का हुआ भुगतान, फर्मो के मालिकों के घर नहीं है एक मुट्ठी भूसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गांवों में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों के नाम पर टैक्स चोरी हो रही है। फर्जी फर्मों के नाम पर सामग्री मद में भुगतान हो रहा है। ग्राम्य विकास विभाग व पंचायती राज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। वाणिज्य कर विभाग भी टैक्स चोरों पर मेहरबान है। इससे सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है।

मंगलवार को जिले के पांचों ब्लाकों में फर्जी फर्मों के नाम पर सामग्री मद भुगतान का खुलासा हुआ है। बताया गया कि जिले में कर्वी ब्लाक समेत मऊ, मानिकपुर, पहाड़ी व रामनगर ब्लाक के 331 गांव आते हैं। इन ग्राम पंचायतों में हर साल करोड़ों रुपये का भुगतान सामग्री मद में होता है। विकास कार्यों के भुगतान फर्जी फर्मों के नाम पर होते हैं। इंटरलाकिंग खड़ंजा निर्माण, कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों के मरम्मतीकरण, टाइल्स निर्माण व स्ट्रीट लाइट आदि कार्यों के नाम पर भुगतान हो रहे हैं। ग्राम पंचायतों में भूसा खरीद के नाम पर धांधली में प्रधान-सचिव व ठेकेदार समेत जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। सरकार ने अन्ना प्रथा रोकने को गौशालाओं का निर्माण कराया है। गौवंशो के भरण-पोषण के नाम पर सरकार को लाखों की धनराशि में प्रधान-सचिव व ठेकेदारों समेत जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों के भुगतान फर्जी फर्मों के नाम पर हो रहे हैं। सरकारी राजस्व को भारी क्षति पहुंच रही है। जिन फर्मों के नाम पर सैकड़ों कुंतल भूसे का भुगतान हुआ है, उन फर्म संचालकों के घर पर एक मुट्ठी भूसा नहीं मिल सकता। फर्जी फर्म संचालकों के नाम पर न तो कोई भूसे की दुकानें हैं, न ही इनके घर पर एक मुट्ठी भूसा मिल सकता है, लेकिन प्रधानों, सचिवों व ठेकेदारों की मिलीभगत से गौवंशो के भरण-पोषण को भूसा खरीद के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाट हुआ है।

# पांच वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन को एनरोलमेन्ट लांच: डीएम




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अनुश्रवण समिति की बैठक में कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने शून्य से 5 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन को चाइल्ड एनरोलमेंट लाइट क्लाइंट लॉन्च किया है। इसका प्रयोग कर आधार जन्म पंजीकरण प्रोग्राम के तहत बच्चों के आधार नामांकन को किया जा सकता है।

मंगलवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नवजात शिशु को सरकार ने डीबीटी योजना का लाभ देने को बच्चों के जन्म समय नामांकन करने का निर्णय लिया है। आधार नामांकन को इंटरमीडिएट या अधिक शैक्षिक स्तर योग्यता रखने वाले कर्मियों को भी रखना होगा, जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के आधार इकोसिस्टम में सर्टिफाइड ऑपरेटर होने के लिए आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोग बैंकों व पोस्ट ऑफिस में फोटो नाम चेंज करने को चक्कर काटते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने डीएसओ आईडीएसपी हेल्थ से कहा कि दिव्यांगजन जिनके हाथ नहीं है, पुतली का भी लिंक नहीं हो रहा तो किस प्रकार होगा। नोडल ने कहा कि इसका रजिस्टार के पास एप्लीकेशन देना पड़ेगा।

जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों में नहीं हो रहा। बेसिक शिक्षा अधिकारी से मशीनों की सूची लेकर वहां से बनवायें। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि अगली बैठक में प्रगति कम दिखने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी व आईपीपीबी को निर्देश दिये कि दोनों संयुक्त रूप से अभियान चलाकर कार्य करें। निर्देश दिया कि बच्चों को खास टारगेट करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी व आईपीपीबी को निर्देश दिये कि मशीन कहां-कहां पर है, उसकी सूची शेयर करें। जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि पीएम स्वनिधि के तहत किसानों का भी करायें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, डीएसओ आईडीएसपी हेल्थ अरुण कुमार पाटिल, बीएसए लव कुमार यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल, जिला दिव्यांग अधिकारी प्रतिभा पाल, आईपीपीबी से अतुल यादव समेत खंड शिक्षा अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो, आ गया है समय: एसपी, छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला की अध्यक्षता में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की मौजूदगी में महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा एवं भरोसे का माहौल बनाने की गरज से अभियान मिशन शक्ति के तहत इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने पहाड़ी थाने के बछरन स्थित हरीमोहन सिंह इण्टर कालेज में छात्र/छात्राओं के साथ जागरुकता में भारी तादाद में ग्रामीण क्षेत्र से महिलाओं एवं विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने हिस्सा लिया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कहा कि छोटे से छोटे अपराध एवं अन्याय के खिलाफ आवाज उठायें। व्यक्तिगत हालात के अनुसार पुलिस मदद करेगी। घरेलू लैंगिक एवं साइबर अपराधों के प्रति सचेत रहें। महिलायें किसी अपराध की शिकार बनती हैं तो उस दशा में पुलिस तक आसानी से कैसे पहुंचा जा सकता है, इस बारे में बताया। महिलाओं से पुलिस की सेवाओं को बेहतर बनाने को सुझाव मांगे। उस क्षेत्र की महिला सुरक्षा सम्बंधी समस्याओं से भी महिलाओं को अवगत कराया। आवश्यक कार्यवाही को पुलिस अधीक्षक ने सम्बन्धित को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न को सहने की जरूरत नहीं है। अब समय आ गया है, महिलाओं/बालिकाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न बाबत पुलिस से चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो।

इस मौके पर सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि महिला उत्पीडन के खिलाफ आवाज उठायें। विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षित करने के संदेश दिये।

## रूस ने यूक्रेन के हमले को विफल किया, 11 ड्रोन मार गिराए

**मास्को।** रूस ने देररात यूक्रेन के हमले को विफल कर दिया। यूक्रेन ने रूस के बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्र को निशाना बनाया। रूस की रक्षा वायु प्रणाली ने यूक्रेन के 11 ड्रोन मार गिराए। मीडिया



रिपोर्ट्स में यह जानकारी रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से दी गई है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि बेलगोरोड में सात और कुर्स्क क्षेत्र में कुल चार ड्रोन गिराए गए। हालांकि, मंत्रालय ने इस दौरान कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी कोई जानकारी नहीं दी है। उल्लेखनीय है कि बेलगोरोड और कुर्स्क दोनों क्षेत्र यूक्रेन की सीमा पर हैं। रूस की इस कार्रवाई पर यूक्रेन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि रूस ने सोमवार को यूक्रेन के ओडेसा में ताबड़तोड़ ड्रोन व मिसाइल हमलों से अनाज भंडारण केंद्रों व बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। इसमें चार लोगों की मौत हो गई।

## नागोरनो-काराबाखः तेल डिपो में हुए झ्रविस्फोट में 20 शरणार्थियों की मौत, आर्मेनिया ने लगाया-जातीय संहार का आरोप

**मास्को।** अजरबैजान के नागोरनो-काराबाख इलाके में एक तेल डिपो में हुए विस्फोट में अब तक 20 लोगों की मौत की खबर है। हादसे में सैंकड़ों लोग घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, करीब 300 लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। आर्मेनिया ने इस धमाके को जातीय संहार करार दिया है। अभी तक विस्फोट का कारण पता नहीं चला है।

**बढ़ सकता है मृतकों का आंकड़ा**

खबर के अनुसार, घटना नागोरनो काराबाख के स्टेपानाकेर्ट शहर में घटी। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि 13 लोगों के शव बरामद हुए हैं और सात लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान जान गई। शवों को पहचानने के प्रयास किए जा रहे हैं। आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पेशिनयान ने कहा है कि इलाके में जातीय संहार किया जा रहा है। वहीं अजरबैजान ने कहा है कि वह पारंपरिक आर्मेनियन्स को अपने साथ सम्मिलित करना चाहता है और सभी को समान मानता है।

**लंबे समय से है विवाद**

बता दें कि नागोरनो काराबाख एक पहाड़ी इलाका है ,जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजान का इलाका माना जाता है लेकिन इसे बीते तीन दशकों से आर्मेनियाई लोगों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। रूस भी इस मामले में आर्मेनिया का समर्थन करता है। बीते हफ्ते अजरबैजान की सेना ने यहां ऑपरेशन चलाया, जिसमें 200 से ज्यादा आर्मेनियाई नागरिकों की मौत हो गई थी। अब नागोरनो काराबाख इलाके से आर्मेनियाई लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है। यही वजह है कि पलायन के बीच तेल डिपो में हुए धमाके में लोगों की मौत को आर्मेनिया ने जातीय संहार करार दिया है।

## 'हमें दोनों देशों की परवाह है', भारत-कनाडा विवाद के बीच आया अमेरिकी राजदूत का बयान

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिकी राजदूत , एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका, भारत और कनाडा दोनों के साथ अपने संबंधों की परवाह करता है। भारत-कनाडा विवाद के बीच मंगलवार को अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने मीडिया से कहा कि हम दोनों देशों की परवाह करते हैं, और हमें उनके संबंधों की चिंता है। दोनों के साथ हमारा रिश्ता बहुत मजबूत है। मुझे लगता है कि हम सभी को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि हम उन देशों के रूप में एक साथ आ सकें जो संप्रभुता को गंभीरता से लेते हैं, सुरक्षा को और हमारे रिश्ते की क्षमता को गंभीरता से लें। गार्सेटी की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर के उस बयान के तुरंत बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत में नामित आतंकवादी हरदीप निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिका चिंतित है। विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि हम प्रधान मंत्री ट्रूडो द्वारा संदर्भित आरोपों से गहराई से चिंतित हैं। जैसा कि सचिव ने कहा, हम अपने कनाडाई सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में हैं। इस बीच, भारत में अमेरिकी दूत जो 13वें द्विवार्षिक इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ चीफ्स कॉन्फ्रेंस ( आईपीएससी ) में भाग ले रहे थे, ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत फिर से दुनियाभर से छात्रों का नंबर एक स्रोत होगा और अमेरिका 10 लाख वीजा के फैसले के बहुत करीब है।

## कनाडा के जिस प्रांत में हुई निज्जर की हत्या, वहीं के गवर्नर ने जताई ट्रूडो के बयान पर आपत्ति

**ओट्टावा।** कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर आरोप लगाकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बुरी तरह फंस गए हैं। दरअसल, जिस ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में निज्जर की हत्या हुई, वहीं के गवर्नर डेविड एबी ने ट्रूडो के बयान पर आपत्ति जताई है। इसी वर्ष जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के सरे शहर में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हो गयी थी। तीन माह बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस हत्याकांड के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा कर दोनों देशों के राजनयिक संबंधों को तो खराब किया ही, अपने देश के भीतर भी फंस गए हैं। अब कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रीमियर डेविड एबी ने जस्टिन ट्रूडो से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है



कि अगर ट्रूडो के पास निज्जर की हत्या को लेकर खुफिया सूचना थी तो उन्हें ब्रिटिश कोलंबिया की सरकार के साथ इसे साझा करना चाहिए था। डेविड एबी ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात कर इस मसले पर अपनी आपत्ति जाहिर कर दी है। ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के प्रीमियर डेविड एबी ने मीडिया से बात करते हुए जस्टिन ट्रूडो द्वारा संसद में दिए बयान पर यह कह कर आपत्ति जताई है कि राज्य सरकार के साथ खुफिया सूचना पहले साझा की जानी चाहिए थी। डेविड एबी ने कहा कि कानून के मुताबिक 'कनाडिएन सिक्योरिटी इंटेलीजेंस सर्विस को संघीय सरकार के साथ खुफिया सूचना साझा करनी होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जानकारी दी गई, वो सारी बातें पब्लिक डोमेन में भी थी, जिससे कोई फायदा नहीं होगा। इससे अच्छा तो वे अखबार पढ़ लेते। उन्होंने कहा कि संघीय सरकार को विदेशी हस्तक्षेप या अंतरदेशीय संगठित अपराध की खुफिया सूचनाएं प्रांतीय सरकारों के साथ भी साझा करनी चाहिए ताकि हम उन लोगों की सुरक्षा के लिए कदम उठा सकें, जिन्हें खतरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ट्रूडो के आरोपों को सुन कर वह बेहद नाराज हैं।

## जयशंकर न्यूयॉर्क में मिले संयुक्त अरब अमीरात के विदेशमंत्री से



**न्यूयॉर्क।** भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने यहां संयुक्त अरब अमीरात के विदेशमंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। दोनों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मुलाकात का फोटो अपलोड कर लिखा है- भारत द्विपक्षीय सहयोग में तीव्र प्रगति की सराहना करता है। इस समय इस बात की ज्यादा जरूरत है कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हम अपने-अपने दृष्टिकोण का नियमित आदान-प्रदान करें।उल्लेखनीय है कि विदेशमंत्री जयशंकर शुक्रवार से अमेरिका की नौ दिवसीय यात्रा पर हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सम्मेलन के बाद एस जयशंकर वाशिंगटन डीसी भी जाएंगे।

## कनाडा में खालिस्तान समर्थकों के हौसले पस्त, प्रदर्शन में नहीं जुटे दो दर्जन लोग

**ओट्टावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खालिस्तान समर्थकों के हौसले बुलंद करने की कोशिशें सफल नहीं हो सकी हैं। खालिस्तान समर्थकों को कनाडा में ही समर्थन नहीं मिल रहा है और उनके हौसले पस्त हो गए हैं। भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन की उनकी योजना सफल नहीं हो सकी और उनमें दो दर्जन लोग भी नहीं जुट सके। खालिस्तान समर्थकों के प्रदर्शन की घोषणा के चलते ओट्टावा, टोरंटो और वैंकूवर में भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खालिस्थान समर्थक अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या के लिए भारत सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया था। इसके बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इससे खालिस्तान समर्थकों के हौसले भी बुलंद हुए थे, किन्तु सड़क पर उतरते ही उनके हौसले पस्त हो गए। दरअसल खालिस्तान समर्थक समूह सिख फॉर जस्टिस कनाडा के ओटावा, टोरंटो और वैंकूवर स्थित भारतीय दूतावासों पर प्रदर्शन का एलान किया था। इसके लिए इन




दूतावासों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गयी थी। भारतीय दूतावासों को बैरिकेड्स से घेर दिया गया था।

सिख फॉर जस्टिस के निदेशक जतिंदर सिंह ग्रेवाल ने कनाडा से भारतीय राजदूत को निष्कासित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन की बात कही थी, किन्तु ये प्रदर्शन फुस्स साबित हुए। प्रदर्शनों में कनाडाई सिख भी नहीं जुटे। कुल मिलाकर दो दर्जन लोगों को जुटाना भी मुश्किल हो गया। ऐसे में प्रदर्शनकारी दूतावासों के पास तक पहुंचे ही नहीं। जो लोग प्रदर्शन करने गए थे, उनके हाथ कनाडा का झंडा भी था। ये लोग तख्तियों पर कनाडा के प्रधानमंत्री के लिए धन्यवाद का संदेश लिख कर लाए थे। इन लोगों ने भारतीय तिरंगे का अपमान किया और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। संख्या न जुटा पाने से प्रदर्शन प्रभावी नहीं हुआ और खालिस्तान समर्थक निराश नजर आए।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद बैठक स्थल के सामने गूंजी आजाद बलूचिस्तान की मांग

**जेनेवा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लोग अत्यधिक परेशान हैं। वहां पाकिस्तानी सेना मौलिक अधिकारों का हनन तो कर ही रही है, लोगों की हत्याएं तक कर रही है। जेनेवा में चल रही संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद बैठक स्थल के सामने आजाद बलूचिस्तान की मांग गूंजी। बलूचिस्तान की आजादी के समर्थन में पोस्टर-बैनर लगाने के साथ पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन भी हो रहे हैं।

स्विटजरलैंड के जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक चल रही है। बैठक स्थल के बाहर बलूचिस्तान की आजादी के समर्थकों ने तमाम बैनर लगाए हुए हैं। बीच-बीच में पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन भी चल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के कार्यालय के बाहर बलूचिस्तान की आजादी के समर्थकों ने तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया है। इस फोटो प्रदर्शनी के जरिए बलूचिस्तान में हो रहे मानवाधिकारों के हनन को दर्शाया गया है। बलोच वॉइस एसोसिएशन के अध्यक्ष मुनीर मेंगल ने कहा कि वे लोग संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की बैठक के बीच जेनेवा में बैठक स्थल के सामने एकत्र होकर संयुक्त राष्ट्र संघ का ध्यान बलूचिस्तान की तरफ आकर्षित करना चाहते हैं।




> बलूचिस्तान की आजादी के समर्थन में पोस्टर-बैनर लगाने के साथ पाकिस्तानी सेना के खिलाफ प्रदर्शन भी हो रहे हैं।

बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना लोगों को मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। वहां पाकिस्तानी सेना बलूचों पर कहर ढा रही है। पाकिस्तानी सेना लोगों का अपहरण कर लेती है और जिन लोगों का अपहरण किया जाता है, उनके शव अलग-अलग इलाकों में मिलते हैं। उन्होंने पाकिस्तान से मुक्त आजाद बलूचिस्तान की मांग की।

## बदलेगी इमरान खान की जेल, हाई कोर्ट ने अदियाला भेजने को कहा

**इस्लामाबाद।** पचास दिन से अटक जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अब जेल में अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने उन्हें अटक जेल से हटा कर रावलपिंडी की अदियाला जेल भेजने के निर्देश दिए हैं।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सजा होने के बाद पांच अगस्त को गिरफ्तार कर अटक जेल में रखा गया था। बाद में इस्लामाबाद हाई कोर्ट से भ्रष्टाचार मामले में



उनकी सजा निलंबित होने के बावजूद वे जेल से बाहर नहीं आ सके थे।

दरअसल वे बाहर आते उससे पहले ही उनके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इमरान पर प्रधानमंत्री रहते गुप्त दस्तावेज लीक करने का आरोप है। 13 सितंबर को उनकी न्यायिक हिरासत 26 सितंबर तक बढ़ा दी गयी थी। इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अटक जेल में पूर्व प्रधानमंत्री को अपेक्षित सुविधाएं न मिलने की बात कह कर उन्हें अटक जेल से हटाने की मांग की थी। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने भी इमरान खान की जान को खतरा बताया था। इस मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर कर इमरान खान को अटक जेल से उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल भेजने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने अधिकारियों से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पंजाब प्रांत के अटोक जेल से निकाल कर रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखने का आदेश दिया है।

## यूक्रेन का दावा, हमले में रूस के काला सागर बेड़े के कमांडर विक्टर सोकोलोव समेत 34 अधिकारी ढेर

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने दावा किया है कि उसने रूस के काला सागर बेड़े के मुख्यालय में हमला कर 34 अधिकारियों को ढेर कर दिया। इनमें मुख्यालय के कमांडर एडमिरल विक्टर सोकोलोव भी शामिल हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स में यूक्रेन की सेना के इस दावे को प्रमुखता दी गई है। रिपोर्ट्स में यूक्रेन के दावे की सत्यता की पुष्टि नहीं की गई है। यूक्रेन की सेना की तरफ से सोमवार को



कहा गया है कि उसने पिछले सप्ताह एक मिसाइल हमले में रूस के काला सागर बेड़े के कमांडर और 33 अन्य अधिकारियों को मार डाला। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अगर इसकी पुष्टि हो जाती है तो यह नुकसान पिछले साल बेड़े के प्रमुख जहाज के डूबने के बाद से रूसी नौसेना के लिए सबसे अधिक नुकसानदेह होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि यूक्रेन के दावे पर मॉस्को के रक्षा मंत्रालय से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं मिल पाई है। साथ ही यूक्रेन के दावे को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका है। काला सागर बेड़े के कमांडर विक्टर सोकोलोव मास्को की नौसेना में सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में से एक हैं। यूक्रेन के विशेष अभियान बलों ने कहा कि शुक्रवार को मिसाइल से क्रीमिया के सेवस्तोपोल शहर में बेड़े के मुख्यालय पर हमला किया गया। उस वक्त वहां रूस के सैन्य अधिकारी बैठक कर रहे थे।

## काम आया भारत का दबाव, श्रीलंका ने नहीं दी चीनी नौसेना के जासूसी जहाज को लंगर डालने की अनुमति

**कोलंबो।** श्रीलंका ने चीनी नौसेना के जासूसी जहाज को श्रीलंका के बंदरगाह पर लंगर डालने की अनुमति नहीं दी है। इस संबंध में भारत का दबाव काम आया है। स्वयं श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने जानकारी दी कि उनकी सरकार ने चीन के जहाज को श्रीलंका में रुकने की इजाजत नहीं दी है।

चीन के जासूसी जहाज शिन यान-6 को अगले माह अक्टूबर में पूर्वी श्रीलंका के बंदरगाह पर पहुंच कर तीन माह तक वहां रुकना था। भारत ने जासूसी की



आशंका जताते हुए इस पर आपत्ति जताई। अब श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा है कि श्रीलंका ने चीनी जहाज को अक्टूबर में श्रीलंका आने की इजाजत नहीं दी है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने इसे लेकर चिंता जाहिर की थी, जो कि सही है और श्रीलंका के लिए भी बहुत अहम है। श्रीलंका ने हमेशा कहा है कि श्रीलंका अपने क्षेत्र को सुरक्षित रखना चाहता है। भारत की चिंताएं भी श्रीलंका के लिए महत्वपूर्ण हैं।

श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमासिंघे ने भी कहा कि विदेशी जहाजों के श्रीलंका आने और यहां के क्षेत्र में कोई गतिविधि करने को लेकर एक एसओपी बनाई गई है। विदेशी जहाजों के श्रीलंका आने और इसे लेकर भारत की चिंताओं पर अली साबरी ने कहा कि भारत इसे लेकर लंबे समय से चिंता जता रहा है। ऐसे में हमने एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर) तैयार किया है, जब हम एसओपी बना रहे थे तो हमने कई मित्र देशों से इसे लेकर चर्चा की, जिनमें भारत भी शामिल है। जब तक चीजें हमारे एसओपी के हिसाब से चलेंगी तो हमें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन अगर एसओपी का उल्लंघन हुआ तो हमें इससे दिक्कत होगी। अली साबरी ने कहा कि श्रीलंका ने चीन के जहाज को रुकने की इजाजत नहीं दी लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि अभी बातचीत जारी है।


अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


## अजरबैजान के तेल डिपो में विस्फोट से बीस की मौत, सैकड़ों घायल

**बाकू।** अजरबैजान और आर्मीनिया के बीच विवाद एक बार फिर जानलेवा साबित हो रहा है। आर्मीनियाई लोगों द्वारा नियंत्रित अजरबैजान के नागोरनो-काराबाख इलाके के एक तिल डिपो में हुए भीषण विस्फोट से बीस लोगों की मौत हो गयी। सैकड़ों लोग घायल हैं। आर्मीनिया ने इस घटना को जातीय संहार करार दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजान का इलाका माना जाने वाला नागोरनो-काराबाख एक पहाड़ी इलाका है। बीते तीन दशकों से यह इलाका आर्मीनियाई



लोगों के कब्जे में है। पिछले सप्ताह अजरबैजान की सेना ने यहां विशेष अभियान चलाया था, जिसमें दो सौ से अधिक आर्मीनियाई नागरिकों की मौत हो गयी थी। इसी क्षेत्र के स्टेपानाकेर्ट शहर में एक तेल डिपो में तेज धमाके ने कम से कम बीस लोगों की जान ले ली। हादसे में सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। तीन सौ से अधिक घायल अस्पताल पहुंचाए जा चुके हैं। इनमें से कई की हालत गंभीर है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई गई है।अभी तक विस्फोट के कारणों का पता नहीं चला है किन्तु आर्मीनिया ने इस धमाके को जातीय संहार करार दिया है। आर्मीनिया के प्रधानमंत्री निकोल पेशिनयान ने कहा है कि इलाके में जातीय संहार किया जा रहा है। अजरबैजान ने कहा है कि वह आर्मीनिया के पारंपरिक नागरिकों आर्मेनियन्स को अपने साथ जोड़ना चाहता है और सभी को समान मानता है। पहले अजरबैजान सेना के विशेष अभियान और फिर तेल डिपो में विस्फोट के बाद अब नागोरनो-काराबाख इलाके से आर्मीनियाई लोगों ने पलायन शुरू कर दिया है।